हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री



शराब दुकान निरस्त होने के बाद अब राजस्व और बिजली विभाग की समस्याओं पर ग्रामीण लामबंद 13



## खबर संक्षेप

### 8 सालों तक करता रहा दुष्कर्म, 10 साल की कैद

**दुर्ग।** युवती को शादी का प्रलोभन देकर और डराधमकाकर 8 सालों तक दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी दानेश्वर उर्फ छोटू (31 वर्ष) को 10 साल की कैद और 25 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक युवती ने 20 जनवरी 2025 को पद्मनाभपुर थाने में घटना को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि धुमा भाठापारा पाटन का दानेश्वर उर्फ छोटू पिता श्याम चरण यदु ने लगातार उसके साथ दुष्कर्म किया। पहले बार 12 मई 2018 को आरोपी उसे धनोरा के एक मकान में ले गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। उस समय आरोपी ने शादी का प्रलोभन दिया। इसके बाद से वह लगातार दुष्कर्म करते रहा। युवती ने जब आपत्ति की, किसी दूसरे से शादी करने की बात कही, तो यह कहकर धमकाया कि वह उसकी शादी तोड़वा देगा, उसे बदनाम कर देगा। मामले में अपराध दर्ज होने के बाद प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत कियाा गया। जहां से आरोपी पर दोषसिद्ध पाया गया। मामले में शासन की तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक संजय सिंह ने की।

### बाइक चोरी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शंकर नगर छावनी निवासी आकाश वर्मा की बाइक सीजी 07 ए.एफ. 4493 को जामुल बोगदा एसीसी सीमेंट गेट के पास से गायब कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा का फूटेज खंगाला गया। संदेही संतोषी चौक जामुल निवासी ऋषि कुमार कुर्रे को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बाइक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी द्वारा चौकी स्मृति नगर से भी बाइक सीजी 07 बी.डब्ल्यू 3721 को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में केन्द्रीय जेल भेजा गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है।



### वाट्सएप से सट्टा खिलाने का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** मोबाइल के वाट्सअप से सट्टा खिलाने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर सूचना पर कल्याण, राजधानी नाम के सट्टा में दांव राम नगर मुक्तिधाम के पास लगा रहे थे। पुलिस ने पहले ही चार आरोपी आजम अहमद,, विकास शर्मा , कुलेश्वर कुमार साहू उर्फ कुल्लु ,सुरज वर्मा गिरफ्तार किया था। वहीं फरार होने वाले रूआबांधा बस्ती चाचा चौक निवासी धानसिंह देवांगन गिरफ्तार किया गया।

# शिवनाथ नदी के आसपास सुरक्षा के नहीं इंतजाम, एक और युवक डूबा, 6 साल में डूबने से 94 मौतें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शिवनाथ नदी तट के आसपास सुरक्षा की अनदेखी भारी पड़ रही है। बारिश के सीजन में यह लापरवाही और अधिक खतरनाक हो जा रही है। पिछले 6 साल में शिवनाथ नदी में करीब 94 मौतें डूबने से हो चुकी हैं। इसके बावजूद भी प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा की अनदेखी जारी है। सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए बेरिकेडिंग की जा रही है। रविवार को अपने दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी घूमने गए वार्ड 11 अहिवारा निवासी दविंदर सिंह रंधावा 27 वर्ष का अचानक पैर फिसला और वह नदी में गिर पड़ा। इसके बाद डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुल पर खड़े होकर तीनों दोस्त आपस में बातचीत करते समय दविंदर का पैर फिसल गया था। नदी में पानी का बहाव काफी तेज था। घटना शाम 6 बजे दुर्ग-धमधा मुख्य मार्ग स्थित शिवनाथ नदी के छोटे पुल की है। पुल के नीचे करीब 20 फीट तक गहराई में पानी था। गहर डूबकर उसकी मौत हो गई। मृतक दविंदर के दोस्तों ने घटना होते ही तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसडीआरएफ की टीम व पुलिस पहुंच गई। रात होने पर टीम तेज धारा के कारण रेस्क्यू नहीं किया जा सका। सोमवार को खोजबीन करने पर दविंदर का शव मशक्कत के बाद बरामद किया गया। एसडीओपी अलेक्जेंडर कीरो की निगरानी में एसडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम ने शव को खोज निकाला। शव मिलते ही परिजनों को सूचना दी गई। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया।

## हर साल युवा हो रहे हादसे का शिकार, प्रशासन का नहीं ध्यान, आत्महत्या के मामले ज्यादा

### शिवनाथ नदी नहीं है सुरक्षित, अलर्ट रहना जरूरी



लगातार हादसे के बाद भी युवक युवतियां यहां पिकनिक और पार्टी मनाने बारिश में पहुंचते हैं। लेकिन यहां जिस तरह से सुरक्षा व्यवस्था होना चाहिए प्रशासन नहीं कर पाता है। इसके पूर्व भी यहां कई हादसे आत्महत्या लोग कर चुके है। वर्ष 2022 में दो युवक एक साथ नदी में कूदकर मौत को गले लगा चुके है। पिछले चार साल में आत्महत्या करने वालो की संख्या करीब 70 से अधिक है। शिवनाथ नदी में डूबने पर मरने वालों की आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहा है। प्रशासन ने एडवाइजरी भी जारी की थी कि बारिश के दिनों में नदीं के आसपास जाने को लेकर ज्यादा सावधानी बरती जाए।

### व्यवस्था में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयास

सुरक्षा व्यवस्था के पुक्ता इंतजाम किए गए हैं। पहले लाइट की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन सड़क सुरक्षा की बैठक में इस बात को रखा गया था। अब व्यवस्था पहले से बेहतर है। नशे की हालत में वाहन से आना जाना यहां से करते है। मौत का बड़ा कारण यह भी है।

- विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

### ये हैं मौत के आंकड़े

| | |
|---|---|
| 2019 | 20 |
| 2021 | 23 |
| 2022 | 09 |
| 2023 | 15 |
| 2024 | 17 |
| 2025 | 10 |

जून तक

### तैनाती के बाद भी हो रहे हादसे

कई बार नदी का पानी खतरे से ऊपर बहने लगता है तो बेरिकेट के साथ पुलिस भी कई बार पुल में तैनात किए जाते है। इसके बावजूद भी लोग हादसे का शिकार होते है। इन्हें रोकने के लिए अब तक कोई योजना नहीं बन पाई है। जबकि नदी मछवारों ने कई बार निगम व जिला प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था की मांग करती रही है लेकिन इनका कोई सुनने वाला नहीं होता है। बता दें कि पुलिस बल की तैनाती के बाद भी हादसे हो रहे हैं। हर थाना क्षेत्र में नदी किनारे गश्त के निर्देश दिए गए हैं, बावजूद इसके हादसे हो रहे हैं।

## भिलाई शहर के बसने से पहले से लोग इस बस्ती में कर रहे हैं निवास

# 56 साल पहले बसी 300 से ज्यादा झुग्गियों वाली श्रमिक बस्ती को उजाड़ने की तैयारी, 3 दिन में खाली करने दिया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाईनगर स्टेशन के विस्तार के साथ ही आसपास बसी श्रमिक बस्तियों को उजाड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। यहां 300 से ज्यादा झुग्गियों में पिछले करीब 56 सालों से परिवार निवासरत हैं। उन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। अब उन्हें नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जगह खाली करने कहा गया है। इसके बाद से यहां रह रहे परिवारों की चिंता बढ़ गई है। इन परिवारों को कहीं कोई सुनवाई नहीं है। जन प्रतिनिधियों ने पीएम आवास का वादा कर दिलाया फौरी राहत का भरोसा शहर के सबसे पुराने स्लम भिलाई नगर रेलवे स्टेशन बस्ती पर जल्द ही बुलडोजर चलेगा। स्टेशन के विस्तार के लिए रेलवे ने झुग्गीवासियों को बस्ती खाली करने नोटिस जारी किया है। इसे लेकर पिछले साठ साल से अधिक समय से निवास कर रहे दिहाड़ी मजदूर रहवासियों में चिंता और आक्रोश है। रहवासियों ने कहा है कि जब तक उन्हें पूर्ण रुप से निशुल्क आवास देकर अन्यत्र व्यस्थापित नहीं किया जाएगा, वे बस्ती नहीं छोड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी की मांडल स्टेशन योजना के तहत भिलाई नगर स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके लिए स्टेशन के आफिसेस और स्टाफ क्वार्टर आदि के निर्माण के लिए रेलवे का पर्याप्त जगह की जरूरत है। इसके लिए रेलवे ने भिलाई नगर स्टेशन श्रमिक बस्ती को खाली करने के लिए पखवाड़ेभर पूर्व रहवासियों को नोटिस जारी कर दिया है। बस्तीवासियों ने बताया कि नोटिस में तीन दिनों में बस्ती खाली करने कहा है। रेलवे के लोग बस्ती में आकर चेता भी रहे हैं। इससे चिंतित रहवासियों ने वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से मिलकर मदद की गुहार की थी। विधायक ने बस्तीवासियों को पीएम आवास दिलाने का वादा कर कुछ दिनों के लिए फौरी तौर पर बस्ती खाली न करने की मोहलत दिला दी है। लेकिन बस्तीवासियों का कहना है कि रेलवे के अधिकारी व बस्ती में आकर हफ्ते दस दिन में स्टेशन का विस्तार कार्य की बात कह खाली करने चेता रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि हम बाप दादा के समय से यहां रह रहे हैं, रोजी मजूरी कर परिवार चला रहे हैं, घर टूट के गए तो कहां जाएंगी।

विधायक ने पीएम आवास की बात कही है लेकिन इसके लिए तीस हजार भी कहां से लाएंगे। हमें उजाड़ने के पहले नजदीक ही फ्री में मकान देकर व्यवस्थापित किया जाए। नहीं तो हम बुलडोजर के सामने खड़े हो जाएंगे।ीक ही फ्री में मकान देकर व्यवस्थापित किया जाए। नहीं तो हम बुलडोजर के सामने खड़े हो जाएंगे।

### हर चुनाव में देते हैं वोट व बसाने का वादा

भिलाई नगर स्टेशन श्रमिक बस्ती साठ साल पुरानी है। यहां करीब तीन सौ झुग्गियां व छप्पर वाले कच्चे मकान हैं। आबादी एक हजार से अधिक है और वोटर छह सौ हैं। 1959 में जब सिर्फ मुंबई कलकत्ता मेल और एक पैंसेजर गाड़ी चलती थी तब से यहां लोग रह रहे हैं। अब तीसी पीढ़ी रह रही है। रहवासियों ने बताया कि पिछले साठ साल से साडा, नगर निगम व विधान व लोकसभा सभी चुनाव में कांग्रेस व भाजपा को वोट देते आए हैं। दोनों दलों के नेता हर चुनाव में बस्ती में आकर इस बस्ती को बेहतर बुनियादी सुविधा दिलाने और पहले कई बार नोटिस मिलने पर उचित जगह पर व्यस्थापित करने का वादा कर चुके हैं। लेकिन आज तक वादे पूरे नहीं हुए। छिटपुट बिजली पानी की सुविधा ही दिलवाई है। पहले यहां चार घर थे आज चार सौ, सभी गरीब हैं, उजड़ने पर कहां जाएंगी। यहां झाड़ पोंछा लगाने वाली बाइयां, रिक्शे, ठेले, खोमचे वाले, सफाई कर्मी, बढ़ई,मिस्त्री और पेंटर आदि निवास करते हैं।



### स्टेशन का होना है डेवलपमेंट

भिलाई नगर स्टेशन का विस्तार किया जाना है। पुनर्विकास कार्य चल भी रहा है। अन्य डेवलपमेंट के लिए रेलवे की जमीन पर बसी बस्ती को खाली करवाने रहवासियों को नोटिस दिया गया है, ताकि वे अन्यत्र निवास की व्यस्था कर सकें। इसके पूर्व भी तीन दिन की मोहलत का नोटिस जारी किया गया था।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम

### पहले हो व्यस्थापन, इसके बाद करें खाली



60 साल से अधिक वक्त से बस्ती में निवास कर रह रहे 66 साल के मजदूर गुरपति बताते हैं कि जब एक दो रेल आती थी, जबसे यहां मजदूरी कर झुग्गी में निवास कर रहे हैं। बीएसपी व सेक्टरों को बस्ते देखा है। हर चुनाव में वोट देते हैं। मजदूरी कर गुजारा होता है। अब रेलवाही के लिए हमें उजाड़ा जा रहा है। घर टूटने के बाद कहां जाएंगे। बिना व्यवस्थापन के हम कहीं नहीं जाएंगे।

### पीएम आवास के लिए नहीं हैं रुपए



40 साल से यहां रह रहे कामदेव विश्वकर्मा बताते हैं कि रोजी कर परिवार चला रहे हैं। रेलवे द्वारा सभी रहवासियों को नोटिस देने से बेघर होने की चिंता सता रही है। भरी बरसात में परिवार के साथ कहां जाएंगे। सरकारों के लोगों ने ही पहले हमें बसाया है और अब उजाड़ा जा रहा है। बुलडोजर चलाने के पहले हमारा स्थाई निवास का प्रबंध किया जाए।

### मुफ्त में दें मकान, हम लोग हैं काफी गरीब



भिलाई नगर स्टेशन बस्ती की बीना खान बताती हैं कि पहले की तरह नेताओं द्वारा हमें अभी पीएम आवास दिलाने का भरोसा दिलाया गया है। लेकिन पीएम आवास के लिए हम 25, 30 हजार की बड़ी रकम कहां से लाएंगे। मजूरी कर घर चलाते हैं। हमें बेघर करने के पहले मुफ्त में मकान दिया जाए, फिर रेलवे बेदखली कार्रवाई करे।

### दूर मकान मिलने से काम कहां मिलेगा



बस्ती की 70 वर्षीय पार्वती बताती हैं कि हर चुनाव में हम वोट देते हैं। बस्ती के पास ही घरों में काम करते हैं। दूर हजारों रुपए लेकर सरकार मकान देगी तो काम व घर दोनों का नुकसान होगा। जब निगम ने हमें बिजली पानी की सुविधा दी है तो फिर उजाड़ा क्यो जा रहा है। रोज पानी गिर रहा है।

# इंटरनेट फेल, रिटर्न फाइल करने टैक्स पेयर होते रहे परेशान, आज से 31 दिसंबर तक लगेगा 1 हजार रुपए फाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आयकर विभाग की वेबसाइट सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी ठप रही। आईटी रिटर्न जमा करने के लिए करदाता पूरे दिन परेशान होते रहे। रात साढ़े 9 बजे तक ऐसे ही हालात बने रहे। इसकी वजह से भिलाई-दुर्ग के हजारों प्रोफेशनल्स और कारोबारी अपना आयकर रिटर्न दाखिल नहीं कर पाए। आमतौर पर जो सीए और टैक्स सलाहकार एक दिन में कम से कम 20 और अधिकतम 50 फाइल दाखिल कर लेते थे, वह भी तीन दिन में सिर्फ गिनती के ही रिटर्न फाइल तीन या चार ही जमा कर सके। सोमवार को जब भी वेबसाइट में जाकर रिटर्न जमा करने के लिए लॉग इन कर रहे हैं, हर बार या बफरिंग होती रही। स्क्रीन में लिखकर आता रहा है कि सर्विस इज अन अवेलेबल। गो टू डैशबोर्ड। एआईएस, टीआईएस, 26 एएस फार्म डाउनलोड ही नहीं हुआ। 13 सितंबर के बाद से इसी तरह की स्थिति बनी रही। इसकी वजह से रिटर्न दाखिल करने में काफी परेशानी हुई। किसी तरह जमा हो रहा है तो उसमें गलती की संभावना अधिक है। इसकी वजह से ट्विनसिटी में वित्तीय वर्ष 2024-25 की आयकर विवरणिका यानी रिटर्न दाखिल करने वाले परेशान रहे। बता दें कि इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर थी। इस डेडलाइन से पहले रिटर्न नहीं भरने पर 1 हजार रुपए से 10 हजार रुपए तक जुर्माना लग सकता है। अब जुर्माने के साथ 31 दिसंबर तक रिटर्न फाइल की जा सकती है।

टैक्स डिपार्टमेंट ने आईटीआर फाइल करने की तारीख को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर किया था। तकनीकी कारणों की वजह से तारीख को बढ़ाया गया था। वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए आईटीआर फॉर्म में हुए बदलावों की वजह से फाइलिंग टूल्स और बैक-एंड सिस्टम में भी बदलाव करने की जरूरत थी।

टैक्स विशेषज्ञ विजयंत पटेल ने बताया कि 15 सितंबर तक आईटी रिटर्न जमा करने की अंतिम तारीख थी। इसके बाद भी करदाता आईटी रिटर्न जमा करा सकते हैं। 5 लाख तक के अंदर के टैक्स पेयर को 1 हजार, 5 लाख से 10 लाख तक की लिमिट वालों के लिए 5 हजार और 10 लाख से ज्यादा लिमिट वालों के लिए 10 हजार रुपए की जुर्माना राशि तय की गई है। इसके अलावा ऑडिटर के लिए अलग गाइडलाइन जारी की गई है।




## जिला अस्पताल के सामने 18 अगस्त से दे रहे धरना, अब तक की बैठकें रहीं बेनतीजा

# एनएचएम कर्मियों ने मांगी इच्छा मृत्यु, चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

18 अगस्त से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दुर्ग में भी जारी है। कर्मचारियों ने अब इच्छामृत्यु की मांग शुरू कर दी है। इसके लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। जिलाध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने जानकारी दी कि शासन प्रशासन एवं एनएचएम कर्मचारियों के बीच अब तक बातचीत के कई दौर हुए हैं, परंतु समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। 25 से अधिक लीडर्स को सेवा से पृथक भी कर दिया गया है। पुनः एक बार सभी को चेतावनी पत्र जारी कर कहा गया है कि वह हड़ताल समाप्त करें, अन्यथा उनकी भी बर्खास्तगी की जाएगी। इधर सरकार का कहना है कि उसने पांच मांगे मान ली हैं, जबकि हड़ताली कर्मचारी उन पांच मांगों का आदेश मांग रहे हैं, जिसमें लंबित 27% वेतन वृद्धि भी सम्मिलित है।शासन प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे दमन और उपेक्षा तथा कमेटी बनाकर काम अटकाने के षड्यंत्र के खिलाफ निराश और आक्रोशित होकर अब एनएचएम कर्मचारियों ने राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने हेतु अपने साथियों के बीच हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है।



### इच्छा मृत्यु पत्रक राज्यपाल को भेजा जाएगा, तैयारी शुरू

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने बताया कि सभी 33 जिलों में धरना देने आए हुए कर्मचारियों ने इच्छा मृत्यु के पत्र पर हस्ताक्षर कर जमा करना शुरू कर दिया है। इसे जल्द ही राज्यपाल को सौंपा जाएगा। हड़ताली कर्मचारियों ने 29 वें दिन भी भारी बारिश के बावजूद धरना दिया। सरकार को लेकर कहा कि दमनकारी नीतियों के खिलाफ वे झुकने को तैयार नहीं हैं। इस पत्र के विरोध में अब राज्यपाल को इच्छा मृत्यु के लिये तक आवेदन देने तैयार हो गए हैं।

### शौक नहीं मजबूरी है ये हड़ताल जरूरी है

उपाध्यक्ष दिव्या लाल ने बताया कि हमारे कैडर के नीचे स्तर के कर्मचारी का वेतन 8800 रुपये है। पीएफ काट के उसे 7000 मिलता है। इस महंगाई में इतने कम वेतन में कैसे घर चलाया जाए, उस पर ना हमें गृह भाड़ा नहीं मिलता है। घर का किराया, पेट्रोल का खर्चा निकाल दें, तो जेब में कुछ नहीं बचता। सरकार को संवेदनशील तरीके से फैसला करना चाहिए। सह सचिव चंद्रहास धनकर ने जानकारी दी कि हड़ताल के 29 वे दिन संविदा शोषण और हड़ताल के प्रभाव को दर्शाने नाटक का मंचन किया गया। हमारे कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। 20 साल की सेवा के बाद हम पहली बार अपने अधिकार के लिए इस कदर लड़ रहे, उस पर शासन दमन का सहारा ले रही। जबकि चुनाव के समय हमने इनकी बातों में आके इनका साथ दिया था।



महापौर अल्का बाघमार ने शहर के व्यापारियों से की चर्चा, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने किए जाएंगे उपाय

# जेलरोड में मछली मार्केट होगा शिफ्ट, पार्किंग शुल्क का लगेगा बोर्ड, दिवाली में फुटकर दुकानें लगेंगी जेआरडी स्कूल मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

इंदिरा मार्केट के आसपास बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर समधान तलाशना शुरू कर दिया गया है। सोमवार को महापौर अल्का बाघमार ने व्यापारियों के साथ बैठक की। समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की गई।

व्यापारियों ने सबसे पहले हठरीबाजार की करीब 209 दुकानों के फ्री होल्ड का मुद्दा उठाया। इस पर महापौर ने इस विषय को लेकर शासन से मार्गदर्शन मांगने की बात कही। इसके बाद व्यापारियों ने इंदिरा मार्केट स्थित पार्किंग में हो रही अवैध वसूली को लेकर शिकायत की। व्यापारियों ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर लगातार शिकायत की जा रही है। पार्किंग स्टैंड संचालक मार्केट के अन्य हिस्सों में खड़े होने वाले वाहनों से अनाप-शनाप वसूल कर रहा है। जबकि उसे पार्किंग स्थल से बाहर खड़े वाहनों से शुल्क वसूली का अधिकार नहीं है। इस पर महापौर ने पार्किंग स्थल पर बोर्ड लगाए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड में शुल्क के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं। महापौर ने बताया कि मछली मार्केट सहित अन्य दुकानें वहां से हटेंगे। उन्हें जल्द ही जेल रोड स्थित बनाए गए नए मछली मार्केट में शिफ्ट किया जाएगा। इसे लेकर निगम स्तर पर तैयारी चल रही है। बैठक में एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, व्यापारी संगठन से पवन बड़जात्या, मितेश पटेल, अरुण अग्रवाल, जय पारख,

## महापौर अल्का बाघमार ने व्यापारियों के साथ बैठक के बाद दिए निर्देश

### इंदिरा मार्केट में नहीं लगेंगी फुटकर दुकानें, पसरा लगाने पर होगी कार्रवाई

व्यापारियों ने महापौर ने बाजार में ट्रैफिक की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बाजार पूरी तरह से खत्म हो गया है। पार्किंग के इंतजाम नहीं होने से बाहर के लोग बाजार में आना नहीं चाहते। ट्रैफिक भी एक बड़ी समस्या है। व्यापारियों ने मांग रखी कि दिवाली के समय लगने वाले फुटकर बाजार को दूसरी जगह पर शिफ्ट कराया जाए। इस पर महापौर ने जेआरटी स्कूल में पटाखा दुकानों के साथ इन दुकानों को भी शिफ्ट किए जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने अधिकारियों को इसे लेकर सर्वे कराने के लिए निर्देशित किया। महापौर ने बाजारों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया।



### बाजार में लगाए जाएंगे कैमरे निगम करेगा निगरानी

बाजारों में कैमरे लगाने का भी निर्णय लिया गया। व्यापारियों की मदद से यह कार्रवाई किया जाएगा। निगम इसके जरिए बाजार में निगरानी रखेगा। इंदिरा गांधी पुतला एवं मोती कॉम्प्लेक्स पर पुलिस चौकी अथवा पुलिस बल की स्थाई व्यवस्था की मांग व्यापारियों ने की। हठरी बाजार की दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग व्यापारियों ने की। इसके तकनीकी पहलुओं को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। महापौर ने इस विषय को लेकर शासन से मार्गदर्शन मांगने की बात कही। इंदिरा मार्केट क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित लगभग सभी कॉम्प्लेक्स अत्यधिक जर्जर हो गए हैं। उनका संधारण कराए जाने की भी मांग रखी गई।

## खबर संक्षेप



### गुरु खुशवंत को भेंट किया धान से बने फोटोफ्रेम

उतई। सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को धान से बने फोटो फ्रेम भेंटकर आने वाले 19 सितंबर को पूरे छत्तीसगढ़ के टॉकीज थियेटरों में राजा गुरु बालक दास फिल्म रिलीज होने एवं फिल्म में राजा गुरु बालक दास के छोटे भाई की बेहतरीन भूमिका निभाने पर डुंडेरा सतनामी समाज अध्यक्ष केशव महिपाल, ग्राम बीरेभाट सरपंच ज्ञान दास नारंगे, विजय मधुकर, तथा हिंच्छा राम महिपाल डुंडेरा निवासी ने शुभकामनाएं दी।

### ऑनलाइन कामों का किया बहिष्कार, ज्ञापन



दुर्ग। छग कृषि स्नातक संघ द्वारा अपनी कतिपय मांगों को लेकर चरणबद्ध हड़ताल और आंदोलन किया जा रहा है। द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ ने मुख्यमंत्री और कृषिमंत्री के नाम अनुभागिक अधिकारी राजस्व दुर्ग को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ के प्रांतीय आह्वान पर 9 सूत्रीय मांगों के लेकर आंदोलन किया जा रहा है। कर्मचारियों ने सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ के जिला अध्यक्ष अमित वर्मा ने यह जानकारी दी।

### निधन

**नीलमणि शुक्ला**



दुर्ग। एलआईजी 490 पदमनाभपुर निवासी नीलमणि शुक्ला (82 वर्ष का) सोमवार की दोपहर निधन हो गया। 16 सितम्बर को उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह करीब साढ़े 10 बजे निवास स्थल से निकाली जाएगी। वे प्रणय, प्रांजल,प्रणिता शुक्ला के पिता थे।

लापरवाही : वर्ष 2024 में जारी हुए धान की मिलिंग 10 महीने बाद भी नहीं हो पाई

# डेड लाइन 30 सितंबर लेकिन मिलर्स ने अब तक नहीं जमा कराया 2.48 लाख मीट्रिक टन चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हर बार की तरह इस बार भी कस्टम मिलिंग जिले में बुरी तरह प्रभावित है। नवंबर 2024 के बाद दो महीने तक जो धान खरीदा गया, उसकी मिलिंग अब तक नहीं हो पाई है। खास बात यह है कि शासन ने 30 सितंबर डेडलाइन जारी की है, लेकिन अब तक 2.48 लाख मीट्रिक टन चावल नॉन और एफसीआई तक नहीं पहुंचा है।

खास बात यह है कि शासन स्तर पर जारी निर्देश के बाद भी इसे अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। बता दें कि वर्ष 2024-25 में जिले में 106624 किसानों ने करीब 5.76 लाख मीट्रिक टन धान बेचा था। इसके बाद कस्टम मिलिंग के लिए 5.19 लाख मीट्रिक टन धान केंद्रों से और 65034 मीट्रिक टन संग्रहण केंद्रों से किसानों को जारी किया गया। इस प्रकार करीब 5.84 लाख मीट्रिक टन मिलरों को जारी किया गया। वर्तमान में सिर्फ 3.35 लाख मीट्रिक टन चावल नागरिक आपूर्ति निगम और भारतीय खाद्य निगम में जमा हुआ है। शेष धान की मिलिंग अब तक नहीं हुई है। इसके अलावा 56493 मीट्रिक टन धान संग्रहण केंद्रों में डंप है, जिसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जाना है। पूर्व में इस धान की नीलामी होनी थी, बाद में शासन ने नीलामी आदेश वापस लेकर इथेनाल और अन्य कार्यों के लिए चावल देने का निर्णय लिया।

## संग्रहण केंद्रों में अब भी 56493 मीट्रिक टन धान डंप, दूसरे कामों में उपयोग लाने की तैयारी



### एफसीआई ऑक्शन के जरिए बेचेगा चावल

इथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के अतिरिक्त चावल स्टॉक को इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम के लिए आवंटित किया है। इथेनॉल के लिए आवंटित चावल की मात्रा कुल 52 लाख टन है, जिसके लिए 1 अक्टूबर से टूटे चावल का भाव 2,320 प्रति क्विंटल तय किया है। इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के लिए इसे शुरू किया गया है। दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ में भी इथेनॉल के लिए चावल उपलब्ध कराने की तैयारी की गई है। इसके लिए बकायदा ऑक्शन होना है। ट्रेडर्स को जहां करीब 2500 रुपए में चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं इथेनॉल के लिए 2320 रुपए की दर निर्धारित की गई है। वर्तमान में संग्रहण केंद्रों में बचे धान की मिलिंग कराकर इसका भी उपयोग इथेनॉल में किए जाने की तैयारी है। हालांकि शासन स्तर पर इसे लेकर स्पष्ट गाइडलाइन अब तक जारी नहीं हुई है।

### 8 महीने से मिलर्स के पास डंप है सरकारी धान, गड़बड़ी की आशंका

बता दें कि वर्ष 2024-25 की धान खरीदी के बाद से धान मिलर्स के पास डंप है। इसकी मिलिंग अब तक पूरी नहीं हो पाई है। जबकि नियमित रूप से प्रशासनिक स्तर पर इसकी समीक्षा बैठक ली जा रही है। हर बार लेटलतीफी के कारण मिलिंग का कार्य प्रभावित रहता है। इस बार भी शासन ने 30 सितंबर की डेडलाइन तय की है, लेकिन 30 सितंबर तक मिलिंग का काम पूरा होना संभव नजर नहीं आ रहा। खबर है कि खाद्य विभाग ने इसे लेकर मिलर्स पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है। मिलर्स को मौखिक आदेश जारी हुए हैं कि वे 30 सितंबर तक जारी हुए धान की मिलिंग कर चावल निर्धारित सेंटरों में जमा करा दें। वर्तमान में मिलर्स के पास करीब 2.48 लाख मीट्रिक टन धान डंप है।

### निर्णय के बाद नए नियमों को लेकर चर्चा, किसानों की बढ़ी चिंता

बता दें कि वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी को लेकर शासन स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। नए नियमों को लेकर चर्चा है। इसे लेकर किसान खासी चिंतित हैं। सरकार का दावा है कि नियमों में संशोधन किया जाना है। धान की गुणवत्ता और सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इससे किसानों के धान का सही मूल्यांकन होगा और खरीदी प्रक्रिया में त्रुटियां कम होंगी। बता दें कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी को लेकर 12 सितंबर को मंत्रालय महानदी भवन में हुई मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि इस बार किसानों का पंजीकरण एग्री स्टेक और एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

### एग्री स्टेक में नहीं हो रहा पंजीयन, परेशानी

बता दें कि इस बार धान बेचने के लिए किसानों के लिए एग्री स्टेक में पंजीयन और फार्मर आईडी जरूरी की गई है। इसके लिए निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप पंजीयन कराना होगा। इसके आधार पर ही किसान अपना धान बेच सकेंगे। वर्तमान में उन्हें कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिले की कई सहकारी समितियों में एग्री स्टेक में किसानों का पंजीयन नहीं हो रहा है। किसान शिकायत लेकर सहकारी समितियों और बैंक के चक्कर काट रहे हैं।

# उपभोक्ता भंडार के 41वां वार्षिक सम्मेलन में सहकारिता को मजबूत बनाने दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार का 41वां वार्षिक सम्मेलन बड़े ही उत्साह और गंभीर विमर्श के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के अनेक गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, अधिकारी एवं संस्था के पदाधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक थे। नगर निगम सभापति श्याम शर्मा एवं दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा उपस्थित विशेष रूप से मौजूद थे। सम्मेलन की अध्यक्षता उपभोक्ता भंडार अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने की। संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराज राऊत ने किया तथा आभार प्रदर्शन संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता लोढ़ा ने किया। प्रभारी मुख्य पालन अधिकारी एनके वर्मा ने उपभोक्ता भंडार की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संस्था सीमित संसाधनों के बावजूद इमानदारी और सेवा भाव के साथ उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरी करने में लगातार सक्रिय है। सम्मेलन में प्रस्ताव क्रमांक 1 से 5 तक सभी प्रस्तावों को उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने संस्था की वित्तीय स्थिति, संचालन और कर्मचारियों की मेहनत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक अभाव के बावजूद कर्मचारियों ने ईमानदारी व सेवा भाव से काम किया है। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के समक्ष कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सहकारिता के माध्यम से उन्नति की योजनाएं

■ यूपी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी रोजमर्रा की जरुरत के सामान मिले राशन दुकानों में

बनाती हैं, किंतु शासन स्तर पर सहकारी संस्थाओं के लिए प्रक्रिया को और सरल किया जाए तथा संसाधन कम बजट में उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी उचित मूल्य की दुकानों पर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं जैसेचायपत्ती, शक्कर, दूध, ब्रेड, साबुन, तेल इत्यादि उपलब्ध कराई जानी चाहिए। कार्यक्रम में पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकार, वेंकट साहू, शास्त्री मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकट, बंटी चौहान, प्रशांत अग्रवाल, दिवेंद्र देशमुख, श्रीमती चौहान, नरेंद्र ताम्रकार, छत्रपाल चंद्राकर, केशव साहू, राकेश यादव, सुनील कैमे, दौलत राम, लक्ष्मी यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी और संस्था के संचालकगण उपस्थित रहे।

## नुआखाई जुहार भेंट उत्सव में शामिल हुए ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ उत्कल गाड़ा समाज द्वारा किया गया आयोजन

ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरैना शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में उत्कल गाड़ा समाज द्वारा आयोजित नुआखाई जुहार भेंट उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने सभी उत्कल समाज के गणमान्य जनों को प्रणाम कर नुआखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर रिसाली निगम शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, सनिर साहू, शुभम वर्मा, पार्वती महानंद, सचिव अनिल बेनुआ, डी. साई, मोहन बघेल, रतन सोना, बी श्रीनिवास, डी बालाजी, पी मधु, परमानंद सहित समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ललित चंद्राकर ने कहा कि नुआखाई का पर्व हमें नई फसल के लिए आभार व्यक्त करने और समाज के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। कहा कि यह पर्व हमें समाज की एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करने का अवसर देता है। उत्कल गाड़ा समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नुआखाई के पावन पर्व को मनाना और समाज के बीच एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देना था। यह पर्व हमें अपनी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करने का अवसर प्रदान करता है।

## जामुल पालिका के तालाब अब लीज पर, 27 लाख से होंगे विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक परिषद जामुल में पीआईसी की बैठक हुई। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में 22 विकास कार्यो पर पर सर्वसम्मति से प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि पार्षद निधि से 27 लाख रूपये के विकास कार्यो के लिए निविदा दरों की स्वीकृति, वार्डो में सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन संधारण, चबुतरा निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार , सामुदायिक भवन प्रथम तल निर्माण, रोड निर्माण, पेवर ब्लॉक कार्य सौदर्यीकरण का कार्य जामुल में होगा। इसके साथ ही अमृत मिशन के अंतर्गत वृक्षा रोपण कार्य, तालाबों को लीज पर देने,सामुदायिक भवन में आंगनबाडी संचालन, अटल परिसर मे स्थाई विद्युत मीटर लगाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। साथ ही अतिरिक्त वित्त आयोग नॉन मिलेनियम सिटीज अंतर्गत कार्य के लिए 70 लाख रूपये का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया। बैठक में पीआईसी प्रभारीगण अहिल्या वर्मा, खम्मन सिंग ठाकुर, राम दुलार साहू, कविता विश्वाल,शांति टंडन, चुम्मन वर्मा, सीमा यादव समेत उप अभियंतागण एन ताम्रकार, सचिन भागवत, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, मुख्य सचिव व लेखापाल आशा जंघेल, लोक कर्म विभाग के रामु देवांगन, मोहन वर्मा, मेघनाथ सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, शिवनंदन देवांगन मौजूद थे।

## 15 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने लॉटरी निकालकर पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया। पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की गई। नगर निगम के डाटा सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार ने स्वयं हितग्राहियों के समक्ष पारदर्शी तरीके से लॉटरी निकालकर 15 लाभार्थियों के नाम घोषित किया। चयनित हितग्राहियों को उनके स्वप्निल आशियाने की सौगात मिली। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, सहायक अभियंता संजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे। बाघमार ने 15 हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन में एक नया प्रकाश लेकर आई है।

// न्यायालय, नायब तहसीलदार-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)//
रा.प्र.क्र.- 202508104400013/अ-74/वर्ष 2024-25

**।। ईश्तहार।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सुरूज बाई पटेल पिता सुखितराम पटेल साकिन नवागाँव तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा नवागाँव प.ह.नं.-06 राजस्व निरीक्षक मण्डल बोरी बुजुर्ग तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि खसरा नंबर 592, 742, 1308, रकबा क्रमशः 0.03, 0.08, 0.22 हे., कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.33 हे. कलावती पति सुखितराम पटेल अन्य-02 के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, का रखरखाव के अभाव में गुम हो जाने से शासकीय कार्य एवं अन्य कार्यों में कठनाईयां होने से द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः द्वितीय प्रति- ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 29.09.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार, बोरी
तहसील-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

सुंदर नगर निवासियों ने सड़क निर्माण की रखी मांग

# सीमांकन के बाद भी कब्जाधारी जमीन नहीं कर रहा खाली, अंडा के बुजुर्ग ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए।

भिलाई नगर निवासी ने फैक्ट्री के द्वारा होने वाले प्रदूषण की शिकायत की। उन्होंने बताया कि एक रासायनिक फैक्ट्री औद्योगिक नियमों की



अनदेखी करते हुए हवा और भूजल को गंभीर रूप से प्रदूषित कर रही है। फैक्ट्री के बेकार केमिकल को जमीन पर बहा दिया जाता है, जिससे आसपास के बोरवेल का पानी पीने योग्य नहीं रहा। साथ ही दूषित हवा से रहवासियों को सांस, त्वचा व अन्य गंभीर समस्या हो रही हैं। इस पर कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### बोरसी क्षेत्र की कॉलोनियों में अब तक नहीं बनी सड़क और नालियां

न्यू सुंदर नगर बोरसी दुर्ग निवासियों ने सड़क व नाली निर्माण कराने आवेदन दिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि न्यू सुंदर नगर, बोरसी स्थित आर.व्ही. पेट्रोल पंप के सामने वाली गली में पक्की सड़क एवं नाली निर्माण नही किया गया है। कच्ची सड़क में बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुपहिया वाहन चालक, महिलाएं और बच्चे चोटिल हो रहे हैं। हेल्पलाइन 112 और कचरा वाहन भी इस रास्ते पर आने से मना कर देते हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग को आवदेन प्रस्तुत किया गया है। इस पर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

**अंडा में बुजुर्ग को किया जा रहा परेशान, शिकायतः** वृद्ध ने भूमि से अवैध कब्जा हटवाने आवेदन दिया। ग्राम अण्डा के वृद्ध ने बताया कि भूमि का सीमांकन होने के बाद भी एक अन्य व्यक्ति द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। भूमि पर पत्थर से घेरा डाल कब्जा किया गया है और विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी दी जाती है। वृद्ध ने अन्य व्यक्ति से जमीन को मुक्त कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। रहटादाह धमधा के किसानों ने मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। किसानों ने बताया कि खेतों में बिजली विभाग द्वारा बड़ी टावर लगाकर विद्युत लाईन का प्रवाह किया जा रहा है। जिन किसानों के खेतों में टावर खड़ा किया गया है उनको मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया गया था ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## वार्ड-1 में हुआ बोरखनन

**उतई।** जनपद सदस्य राकेश हिरवानी द्वारा ग्राम पंचायत करगाडीह के वार्ड-1 के कॉलोनी में बहुप्रतीक्षित मांग बोरखनन को संज्ञान में लेते हुए पीएचई विभाग द्वारा बोरखनन का कार्य करवाया गया। करगाडीह सरपंच करण सेन , उपसरपंच रुपेंद्र साहू, पंच कुमारी यादव, जामवंत गजपाल पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विनय सियान मंच के अध्यक्ष व महासचिव चुने गए ललित

**दुर्ग।** सियान सद्भावन मंच का त्रैवार्षिक चुनाव हनुमान नगर स्थित सियान सद्भावना भवन में संपन्न हुआ। विनय कुमार गुप्ता एवं श्री ललित देवांगन लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष और महासचिव चुने गए। 75 सदस्यीय इस सियान सद्भावन मंच के चुनाव में संरक्षक पूर्व पार्षद अरुण सिंह, मनोज नायर, अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, महासचिव ललित देवांगन, कोषाध्यक्ष बलराम सिंह, उपाध्यक्ष शिव देवांगन एवं शिव कुमार निषाद, सचिव नरसिंह ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य दीनानाथ देवांगन, दोनीराम बंजारे, प्रभु कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### अछोली में मनाई गई दिवाली, बैठक में कई बड़ी समस्याओं के निराकरण पर चर्चा

# शराब दुकान निरस्त होने के बाद अब राजस्व और बिजली विभाग की समस्याओं पर ग्रामीण लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

धमधा ब्लॉक के अछोली गांव में बीते दिनों शराब दुकान खोलने की महज निविदा जारी करने और निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर देने के मामले ने जबरदस्त तूल पकड़ा। किसान बंधु संगठन ने विरोध प्रदर्शन किया। लगातार 4 माह तक चले इस विरोध ने जन आंदोलन का चेहरा बना डाला।इस पूरे मामले में नेतृत्वकर्ता किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल की बड़ी भूमिका रही।

आसपास के इलाके के 15 से 20 गांव के लोगों ने अछोली ग्राम पंचायत सरपंच के साथ इस निविदा को निरस्त करने मुखर होकर प्रदर्शन किया। वहीं ग्रामीणजनों ने प्रशासन के इस फैसले और किसान बंधु संगठन की मेहनत को सम्मानित करने और आभार व्यक्त करने के लिए ग्राम अछोली में बैठक आयोजित की। जमकर पटाखे फोड़े। वहीं शुरुआत से लेकर सरकार के विरुद्ध आंदोलन में अहम साथ देने वाले किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल का पूरे ग्रामीणों ने सरपंच नैन बाई ने आभार व्यक्त किया। वहीं किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल ने कहा कि इस आंदोलन में सबसे बड़ा हाथ है तो वो है एक महिला सरपंच का, जो हमारे कंधे से कंधा मिला कर साथ चलीं। इतना ही इस अछोली की जनता और आस पास के ग्रामीणजनो का भरपूर सहयोग रहा जो इस लड़ाई को हम सबने जीत लिया। अपने भविष्य को बर्बाद होने से बचा लिया। नहीं तो शराब सबको बर्बाद कर देती वही बाबा टेकसिह चंदेल ने पहुंचे किसानो को बधाई दी शुभकामनाएं दी।

**अछोली में ग्रामीणों ने की बैठक, नई समस्याओं पर चर्चा**



### जमीन रिकॉर्ड में गड़बड़ी के मामले को लेकर उठाएंगे आवाज

बैठक में धमधा तहसील के तमाम किसान भाइयों का जिनका रकबा शासकीय अभिलेख में विभाग के गलतियों से त्रुटि हुआ है, जिसके सुधार के लिए किसान तहसील के चक्कर लगा रहा हैं। इस्तिहार, पेशी जैसे झंझटों में पड़ा हुआ है। इसके निवारण के लिए धमधा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। एक साथ त्रुटि सुधार करने की मांग रखने का निर्णय लिया गया। वही बैठक में पहुंचे किसानों की बड़ी समस्या में एक हैं।

### बिजली अव्यवस्था पर भी ग्रामीण लामबंद, आंदोलन की तैयारी

बिजली की अव्यवस्था जिससे पूरे क्षेत्र के किसान वर्ग परेशान हैं। इस विषय में भी ठेलका सबस्टेशन के अव्यवस्था को लेकर उच्च अधिकारियों से मुलाकात करके बात करने और समस्या का पूर्ण रूप से हल निकलने की बात कही। किसान बंधु संगठन में इस दोनों विषय को प्रस्ताव में लिया गया । इस मौके पर आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक, ढालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल,मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि,देवेंद्र चंदेल पूर्व सरपंच,गोलू नेताम पूर्व उपसरपंच,लेखराम वर्मा, देवेंद्र वर्मा जयप्रकाश विश्वकर्मा,शोभा यादव,मोजी डांडेकर राजेन्द्र वर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

**प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

# जीवन में जीत और हार का खेल चलता रहता है : कल्पना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

शहीद ग्राम उमरपोटी में नवयुवा क्रीड़ा मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग थे।

साथ में मंच पर रेवाराम साहू सरपंच ग्राम गातापार(उमरपोटी ), ऋषिकांत साहू ( शिक्षक ), प्रेमिन साहू महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा दक्षिण पाटन, श्यामलाल विश्वकर्मा, दयालुराम साहू, रतनु ठाकुर, डिगेंद्र साहू, रोहित कुमार साहू आदि अतिथि मंचसीन रहे। कल्पना नारद साहू ने कहा कि उमरपोटी मेरा मायका है। मायके में मंच से कबड्डी प्रतियोगिता देख बरबस बचपन की याद ताजा हो गई। यह मेरे लिए बहुत ही मार्मिक क्षण हैं, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह मेरे जीवन का स्वर्णिम पल है। उन्होंने कहा कि जीवन में

- कबड्डी स्पर्धा के समापन समारोह में पहुंची जिला पंचायत सभापति

जीत और हार का खेल चलता रहता है, हारने वाले को कभी नर्वस नहीं होना चाहिए बल्कि अधिक सजगता के साथ खेलकर मन वांछित सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकलित होकर मेहनत में जुट जाना चाहिए। समिति के खोमेंद्र नेताम कुंदन, टूपेन्द्र, गुलशन, कमलेश यादव, अभिषेक सेन आदि मौजूद थे।

**दिवंगत पंचायत सचिव के परिजनों को सचिव संघ ने दी सहयोग राशि**

# साथी कर्मी के निधन और सेवानिवृत्ति पर पंचायत सचिव आर्थिक सहयोग के रूप में देते हैं एक दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

दुर्ग जिला सचिव संघ द्वारा किसी सचिव के सेवानिवृत्त या निधन होने पर एक दिन का वेतन देने का निर्णय लिया गया है। अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने इस आशय की जानकारी दी। खम्हरिया(डंगनिया) पाटन के पंचायत सचिव हीरालाल साहू ने अपने पंचायत के कार्य निपटाने के बाद ऑफिस से घर आ रहा था।

इसी दौरान दुर्घटना हुई। 13 सितंबर को उनका निधन हो गया। शासन द्वारा मिलने वाली अनुग्रह राशि 25000 रुपए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेन्द्र कुमार साहू ने स्वीकृति प्रदान की। पंचायत सचिव संघ पाटन के सचिवों ने तत्कालीक सहायता हेतु 13500 रुपये कुल राशि 38500 रुपए दिवंगत पंचायत सचिव हीरालाल साहू की धर्मपत्नी कांती साहू को प्रदान की। महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि केन्द्र व राज्य शासन के 29 विभाग के 200 प्रकार के सभी योजनाओं के कार्य करने



वाले पंचायत सचिव विगत 30 वर्षों से शासन प्रशासन द्वारा छले जा रहे हैं, जिसके कारण दुर्ग जिला सचिव संघ के सभी सचिवों ने अनुकरणीय निर्णय लेते हुए विगत 05 वर्षों से जिले के किसी भी पंचायत सचिव सेवानिवृत्त या मृत्यु होने पर एक एक दिन के वेतन दान करते हैं। क्योंकि शासन द्वारा किसी प्रकार से राशि नहीं मिलने पर सेवानिवृत्त सचिव व परिजन बुढ़ापे में मजदूरी करने के लिए मजबूर हो जाते थे, जो कि उक्त राशि से सेवानिवृत्त व परिजन को सम्बल मिलता है। जीवकोपार्जन के लिए उपयोग करते हैं। छत्तीसगढ़ के किसी कर्मचारी के दिवंगत होने पर शासन द्वारा अनुग्रह राशि 50000 रुपये दिया जाता है। परंतु सिर्फ पंचायत सचिवों को ही किसी सचिव के दिवंगत होने पर 25000 रुपए दिया जाता है, जो कि घोर अन्याय है। इसी प्रकार प्रदेश के पंचायत सचिवों के इलाज के लिए 5 लाख का प्रावधान किया गया है। परंतु गाइडलाइन जारी नहीं होने के कारण किसी भी सचिव को स्वास्थ्य खराब होने, गम्भीर बीमारी होने व दुर्घटना ग्रस्त होने पर किसी भी प्रकार से लाभ नही मिल रहा है।

प्रांतीय महामंत्री यशवंत आडिल ने बताया कि पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग विगत 30 वर्षों के लंबित है। पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की गारंटी में होने व 100 दिवस के भीतर शासकीयकरण के वादा पूर्ण नहीं होने व शासकीय सेवा में होने के बावजूद शासकीय सुविधा नहीं मिलने के कारण प्रदेश के पंचायत सचिव अपने आप को छला महसूस के रहे हैं। अनुग्रह राशि प्रदान करने हेतु निमेष भोयर, नरेश साहू, यशवंत आडिल, गिरधर वर्मा, नरेश राजपूत, खिलावन साहू, कामिनी चन्द्राकर आदि मौजूद थे।

### राकेश ने किया सहकारी समिति का निरीक्षण



**धमधा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा की बैठक में पहुंचे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने धमधा ब्लॉक के सेवा सहकारी समिति बरहापुर में औचक निरीक्षण किया। यहां जिसमें भरपूर मात्रा में में यूरिया पाया । वही राकेश ठाकुर ने किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी इस मौके पर जिला म हामंत्री राजीव गुप्ता, ओनी महिलांग सहित किसान मौजूद रहे।

### रजत जयंती महोत्सव में जाना छग की संस्कृति को



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत पुस्तक वाचन एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संगीता मैहुरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापक नीलम संजीव एक्का ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना, भौगोलिक परिदृश्य, परिधान एवं संस्कृति आदि पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी विकास, प्राध्यापक, डॉ. नीलम, वर्षा वर्मा, जागृति चंद्राकर, मुकेश सिन्हा और डॉ.रामेश्वरी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जांच निदान व जागरुकता शिविर का लाभ मिला पशु पालकों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

शासकीय पशु चिकित्सालय तिरगा में मोबाइल यूनिट दुर्ग, पशु चिकित्सालय तिरगा, जिला रोग अन्वेषण प्रयोगशाला दुर्ग एवं राज्य स्तरीय रोग अन्वेषण प्रयोगशाला रायपुर छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में पशु रोग जांच निदान एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

- शिविर में पशुओं की बीमारियों के निदान व रोकथाम में सहायक
- किसानों को आमदनी बढ़ेगा व पशु संरक्षण की दिशा बेहतर परिणाम आएंगे



गांव के नागरिक ग्राम पंचायत तिरगा उपसरपंच सुखित राम, पंचगण, सचिव की उपस्थिति में पशुपालकों के गौवंश, भैंस वंश, बकरी, भेंड, का पशु रोग जांच हेतु रक्त नमूना, गोबर नमूना सिरम, ब्लड नमूना लिया गया। अच्छी नस्ल सुधार के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ. आरके चौरसिया, डॉ. एमसी देशमुख, डॉ. बिंदेश्वरी सिरमौर, अशोक पटेल (लैब) एसके साहू, आरएस भुवाल, एनपी कन्नोजे, एआर देशमुख दीपनारायण, प्रवीण दिल्लीवार, लुकेश देशमुख, रामसिंह बेलचंदन और उर्मिला देशमुख पशु सखी तिरगा, पंचगण ग्रामवासी उपस्थित थे। पशुपालकों ने बताया यह शिविर न केवल पशुओं की बीमारियों के निदान व रोकथाम में सहायक होगा, बल्कि किसानों को बेहतर पशुपालन एवं नस्ल सुधार की दिशा में भी जागरूक करेगा जिससे की किसानों को आमदनी बढ़ेगा और पशु संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम मिलेंगे।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रकाश और अंकित ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित बैडमिंटन कोर्ट में दस दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। रविवार को प्रतियोगिता का सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेला गया।

यह बैडमिंटन प्रतियोगिता विगत 12 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। इस वर्ष इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा जिसमे प्रकाश गज्जर और अंकित बघेल को जीत हासिल हुई । भावेश राठौर और किशोर पटेल को दूसरा स्थान मिला। इस बार यह प्रतियोगिता आई पी एल की तर्ज पर खेला गया। विजयी खिलाड़ियों को पार्षद अनुराग गुप्ता एवं दिलीप ओझा के हाथों इनाम की राशि प्रदान की गई। वहीं शेष सभी प्रतिभागियों को भी

- भावेश और किशोर रहे दूसरे स्थान पर

सम्मानित किया गया।

विजेता प्रकाश गज्जर ने बताया की शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन पर विचार किया जा रहा है जिसकी तैयारियां भी प्रारम्भ कर दी गई हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में भूपेन्द्र पाठक, रवि सिंग, विवेक राय, अमित दीक्षित एवं अशोक राठी सहित समस्त खिलाड़ियों का भरपूर सहयोग रहा।

**बिजनेस साइट**

## भारती विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के परिप्रेक्ष्य मे आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतिम चरण में भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा 'कैरियर पाथ-आत्मविश्वास के साथ जीडी एवं पीआई में सफलता' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सेंटर डायरेक्टर सिद्धार्थ मेहता ने कहा कि करियर लॉन्चर ने अपने 15 वर्षों के अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को समूह चर्चा (जीडी) और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) की तैयारी के लिए आत्मविश्वास, सही रणनीति और संचार कौशल पर मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस व्याख्यान से अपने कैरियर निर्माण के लिए उपयोगी ज्ञान एवं प्रेरणा प्राप्त की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकर, परामर्श समिति में अनुसंधानण निदेशक डॉ. आरपी अग्रवाल, डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट, डीन कामर्स डॉ. काजोल दत्ता की भी उपस्तिथि रही। संचालन एडवोकेट श्रुति राव ने किया। प्रियंका साहू, आदित्य शाह, मेघा, सह आयोजक प्रिया साहू की भूमिका में रहे। पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सेवा जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की। इसमें एनसीसी कैडेट पूर्वा साहू एवं साक्षी साहू ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार जीते। 10 सितम्बर को आयोजित भाषण स्पर्धा में आयोजित हुई, एनएसएस संवर्ग में हर्ष कुमार साहू, कोनाल सेन तथा रागिनी साहू ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए, वहीं एनसीसी संवर्ग में भारती एवं दिव्या साहू ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। 11 सितम्बर को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान आयोजित हुआ, जिसके अंतर्गत परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में वृक्ष लगाए गए। 12 सितम्बर को सांस्कृतिक संध्या एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नृत्य शैलियों का शानदार प्रदर्शन हुआ। एनएसएस एवं एनसीसी के कार्यक्रम का संचालन डॉ. भूमिका मिश्रा, सम्पदा बैस एवं रॉलिक बेंजामिन दास ने किया।



## हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मना ग्रैंड पैरेंट्स डे

**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग के प्रांगण में शनिवार को 'ग्रैंड पैरेंट्स डे' का आयोजन किया गया। दादा-दादी, नाना-नानी का स्वागत भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दादा-दादी, नाना-नानी के स्वागत के लिए अपर इन्फेंट के नन्हें मुन्ने छात्रों के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। लोअर इन्फेंट के बच्चों ने अपने और ग्रैंड पेरेंट्स के रिश्तों पर कविता की कुछ पंक्तियां प्रस्तुत की। नन्हे छात्रों ने कविताएं और गीत प्रस्तुत किए। प्री प्रायमरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। ग्रैंड पैरेंट्स के लिए आयोजित खेल, पहेली, गीत-संगीत व युगल नृत्य में उन्होंने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दादा -दादी, नाना-नानी को सम्मानित करते हुए पुरस्कार व उपहार प्रदान किए गए। शाला के संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा ने कहा कि ग्रैंड पेरेंट्स परिवार की जड़ें है। एक अच्छी परवरिश के लिए दादा-दादी, नाना-नानी का साथ होना बहुत आवश्यक है। हमारी भारतीय संस्कृति की जड़ें संयुक्त परिवार में ही हैं। उन्होंने बच्चों और ग्रैंड पैरेंट्स के उत्साह और उमंग की प्रशंसा की। प्राचार्या दीप्ति तिवारी ने कहा कि ग्रैंड पेरेंट्स हमारे बहुमूल्य मार्गदर्शक होते हैं। शाला के निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय और डायरेक्टर ऑपरेशन्स मनीष तिवारी के द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शाला संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा, एकेडेमिक कोऑर्डिनेटर वेदप्रकाश बाजपेई एवं पूर्व प्राथमिक विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।




## शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग का गौरव

**भिलाई।** 13 सितंबर को रायपुर स्टूडेंट नर्सेस एसोसियेशन इंडिया के स्टेट कॉन्फ्रेन्स 2025 में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग जुनवानी ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8 प्रथम पुरस्कार, 5 द्वितीय पुरस्कार और 4 तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में कॉलेज को सेंकड बेस्ट एसएनएआई युनिट के सम्मान से भी नवाजा गया है। कॉलेज की डायरेक्टर सिंधु अनिल मेनन, प्राचार्या शैलजा अनिक एवं उप प्राचार्या विनिता सत्यकुमार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया साथ ही इस उपलब्धि को पाने में कम्युनिटी हेल्थ डिपार्टमेंट की प्रमुख बीना राजेश थामस जो कि एसएनएआई की स्टेट प्रेसिडेंट का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर श्रीगंगाजली ऐजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा, अध्यक्ष जया अभिषेक मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी संस्था के लिए बड़े गौरव का विषय है।



### शिवधाम कोड़िया में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजित

# छप्पन भोग की परंपरा माता यशोदा से प्रारंभ हुई : पं. आदित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ननकट्ठी

शिवधाम कोड़िया में पवन पटेल सीताबाई पटेल द्वारा स्व. तिलक राम पटेल स्व. शिवकुंवर बाई पटेल की पुण्य स्मृति में पितरों की मुक्ति के लिए संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं पितर मिलन का आयोजन गया किया।

कथा वाचक पं.आदित्य प्रकाश त्रिपाठी (श्रीमद्भागवत, श्रीराम कथा, शिवपुराण प्रवक्ता उचेहरा,सतना, चित्रकूट) हैं। महाराजश्री ने पांचवे दिन की कथा में श्रीकृष्ण के मनोहारी मुग्धकारी बाल लीलाओं का रोचक वर्णन करते गोवर्धन धारण करने की प्रेरणास्पद कथा और उसका महात्म्य बताया। अपनी पूजा न होते जान गोवर्धन पूजा से





नाराज इंद्र ने पूजा रोकने भयभीत करने सात दिनों तक लगातार घनघोर बारिश की। कृष्ण ने अपनी उंगली में पर्वत को धारण कर सबको बचा लिया। बाद में कृष्ण के कहने पर ग्वालों ने अपनी लाठी लगाई। इंद्र ने क्षमा मांगी। कथा स्थल पर गोवर्धन पूजा का रोमांचकारी जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया गया। मां यशोदा लल्ला कृष्ण को दिन में आठ बार भोग लगाती थी, खिलाती थी। सात दिनों तक कृष्ण कुछ नहीं खाए थे। गोवर्धन पूजा कर मां ने सातों दिनों का गुणाकर एक साथ छप्पन प्रकार का व्यंजन बना कृष्ण को छप्पन भोग लगाया। तब से छप्पन भोग की परंपरा शुरू हुई। विशिष्ट अवसरों पर आज भी छप्पन भोग लगाए जाते हैं। अगले दिन की कथा में उन्होंने मथुरा गमन, कंस वध और रुकमणि विवाह पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। विवाह के सभी मुख्य रस्म नेंग वाद्य धुनों गीत के साथ सम्पन्न किए गए। सबने बहुत आनंद लिया। डॉ नीलकंठ देवांगन ने अपनी पुस्तक 'छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक पर्व तिहार बार' और ' शिवधाम कोड़िया के फरमानुक भूईं फोड़ भगवान शिव पर केंद्रित फोल्डर ' कथा वाचक पं. आदित्य प्रकाश त्रिपाठी को सम्समान भेंट किया। कथा सुनने ग्रामवासियों सहित नदी पार के गांवों के कथा प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ओए कमेटी के लंबित मुद्दों का हल और वित्तीय अधिकारों की रक्षा मेरा प्रयासः कुल्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएसपी ओए चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार डीजीएम मुकेश कुल्मी ने कहा है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सेल के मेरे अधिकारी समूह के जिन ज्वलंत मुद्दों, का हल पिछले दस सालों से वर्तमान ओए अध्यक्ष व कमेटी नहीं दे पाई है, प्रबंधन से उन्हीं मुद्दों का सरल व्यावहारिक हल मेरे कार्यकाल में करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वित्तीय अधिकारों व सुविधाओं के लंबित होने या विसंगतियों से अधिकारियों को लाखों का नुकसान हो रहा है। मुझे सदस्यों का विश्वास मिलने पर लंबित समस्याओं के निदान के साथ कई नई सुविधाएं प्रबंधन से सकाकारात्मक चर्चा कर उलपलब्ध कराए जाएंगी।

ओए चुनाव 2025

श्री कुल्मी ने कहा कि सभी अधिकारियों के क्वार्टर्स की बेहतर मरम्मत साफ सफाई और स्तर को बढ़ाने, किराया भत्ता पुनः आरंभ करवाने और ईपीएफओ हायर पेंशन योजना का लाभ दिलवाने प्रयास होगा।

स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि व अच्छे अस्पताल में रेफरल की सुविधा साथ में कंपनी से मेडिक्लेम की भी सुविधा दिलवाने अधिकारियों के ऑफिस और कार्यस्थल का उन्नयन करवाया जाएगा। पीआरपी को एकमुश्त दिलवाने, मोबाइल कनेक्टिविटी में सुधार, प्लांट के अंदर सर्वसुविधा युक्त कैंटीन उपलब्धता व जिन कार्यालय में फ्लेक्सी टाइमिंग संभव है वहां अधिकारियों को यह सुविधा प्रदान करवाई जाएगी। बीएसपी वेबपेज पर समस्या निदान

## ओए अध्यक्ष पद प्रत्याशी मुकेश कुल्मी ने कहा हायर पेंशन, आवासीय व स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा विस्तार

### अधिकारियों को सेल पेंशन योजना में लाखों का नुकसान

श्री कुल्मी ने कहा कि सेल की पेंशन योजना में आज तक सभी श्रेणी के अफसरों का लाखों का नुकसान हो चुका है। सेकंड पे रिविजन कमेटी (पीआरसी) में रिटायरमेंट बेनिफिट बेसिक का 30% का पैकेज देने की घोषणा हुई थी,इसमें चार घटक थे, जिसको 1 जनवरी 2007 से हर अफसर को मिलना चाहिए था। प्रोविडेंट फंड 12% मिलता आ रहा हैं और पेंशन (एनपीएस) जो कि 12% देना था और बाकी सभी महारत्न कंपनी में 10 से 12% 01/01/2007 से मिल रहा है। लेकिन सेफी और वर्तमान ओए अध्यक्ष द्वारा इस मद में सेल प्रबंधन के साथ समझौता कर इसको 12 %से कम करके 6%और 3% पर पहुंचा दिया। जबकि डीपीई में यह प्रतिशत कम करने का ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

### पीआरपी व एचआर अलाउंस का दिलाएंगे लाभ



यह राशि तीसरी पीआरसी में नवंबर 2021 में एकमुश्त डाली गई, जिस पर कोई ब्याज हमें नहीं मिला। ग्रेच्युटी 4.8% होती है, वह मिल रही है रिटायरमेंट बाद मेडिक्लेम जिसमें 5% खर्च होता है। पेंशन में सीधे तौर पर 3% से 6% का नुकसान हुआ है। जब कंपनी लाभ में रहेगी तो 6 से 9% दिया जा रहा है और हानि में 3% ही मिलेगा। जबकि किसी और महारत्न कंपनी में यह पूरा 10 से 12% मिल रहा है। चाहे कंपनी लाभ में हो या हानि में। ये समझौता कर सीधे सभी ग्रेड के अफसरों का आज तक 10 लाख से 35 लाख का प्रिंसिपल और ब्याज सहित 10 से 35 लाख का ब्याज सभी श्रेणी के अफसरों का नुकसान हुआ है। सिर्फ पेंशन मद में ही 20 से 70 लाख का नुकसान सभी लोगों का हुआ है और आगे भी होता रहेगा। यदि इसमें डीपीई के हिसाब से बदलाव नहीं किया जाता है। इस नुकसान को दूर करने का पूर्ण प्रयास करेंगे। अधिकतर अफसरों को किराया भत्ता नहीं मिलता है और जिनको मिल रहा है वह भी 2007 सेकंड पीआरसी के समय के बेसिक का मिल रहा है। जबकि कॉर्पोरेट ऑफिस के सभी को थर्ड पीआरसी का किराया दिया जाता है। इस विसंगति को को दूर किया जाएगा। पीआरपी को त्यौहार मनाने की राशि बना दिया गया है। इस कारण जूनियर अधिकारी कोई बड़ी योजना या खरीदी में इस धन का उपयोग नहीं कर पाते। पीआरपी अधिकारियों के मेहनत की राशि होती है, जिसको वित्तीय वर्ष पूर्ण होने और एमओयू रेटिंग के बाद तत्काल एकमुश्त सभी अधिकारियों को मिले ताकि वह इस राशि का सही तरीके से किसी बड़े कार्य के लिए निवेश कर सकें। माइंस अधिकारियों का थर्ड पीआरसी में माइंस अलावेंस बंद करवाने से भी हानि हुई है।

### ओए के वेब पेज में बनाएंगे पोर्टल

ओए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुकेश कुल्मी ने बताया कि 11 महीने के पर्क्स एरियर्स का बिना इंटरेस्ट लिए पेमेंट हुआ है जिसे नुकसान को वर्तमान अध्यक्ष अपनी उपलब्धि बता रहे हैं। उन्होंने इंटरेस्ट पेमेंट के लिए कोई विरोध नहीं कियो, जिससे अधिकारियों को 2 से 4 लाख का नुकसान हुआ है। ओए कार्यालय में वेब पेज का पोर्टल से वित्त सेवा सुविधा प्रदान की जाएगी जिसमें इनकम टैक्स फाइलिंग, वित्तीय प्रशिक्षण आदि सुविधाओं की जानकारी मिलेगी। ओए द्वारा ग्रुप मेडिकल इंश्योरेंस सिर्फ एक ही कंपनी से लिया जा रहा है, ऑक्शन करके लेने से प्रीमियम कम होने की संभावना रहती हैं। इसके लिए पहल की जाएगी। हायर पेंशन शुरु के लिए कोई लीगल एक्शन या प्रोपोजल की बात आज तक नहीं हुई है। इससे सभी अधिकारियों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। हमारी कमेटी प्रयास करेगी। श्री कुल्मी ने कहा कि उन्हें चुनाव में अधिकारियों का विश्वास मिलने की पूरी आशा है। अवसर पर मिलने पर वे सदस्यों के पिछली कमेटी के पेंडिंग मुद्दे सहित सदस्यों की आवश्यकता अनुरुप वित्तीय अधिकारों की भी रक्षा करेंगे।




**खबर संक्षेप**

### गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई



**भिलाई।** शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत डोर-टू-डोर कचरा एकत्र करने निगम के सफाई कर्मी, ई-रिक्शा, आटो टिप्पर एवं दवाई छिड़काव की टीम सभी जोन के वार्डों में जाकर कार्य कर रही है। वार्ड 7 राधिका नगर और वार्ड 8 कृष्णा नगर में जोन के स्वास्थ्य विभाग की टीम दुकानों में जाकर जांच कर रही है। प्रतिशठान संचालकों द्वारा गंदगी फैलाने, गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर नहीं देने, सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं रखने वालो पर कार्यवाही कर रही है। निगम ने सोमवार को व्यापारियों पर कार्रवाई की।




## कार्रवाई : जन्मदिन और विशेष समारोह के पोस्टर-बैनर नहीं लगेंगे

# एमआईसी में निर्णय के बाद आयुक्त ने पोस्टर बैनर हटाने के दिए निर्देश, निगम कार्रवाई करने जुटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

**सोमवार को भिलाई निगम ने जनप्रतिनिधियों और नेताओं के लगे बैनरों को किया जब्त**





नगर पालिक निगम भिलाई में बीते दिनो हुई एमआईसी की बैठक में निर्णय लिया गया कि इंदौर की तरह भिलाई में भी रोड लाइट या अन्य जगहों पर बिना निगम की अनुमति के पोस्टर बैनर नहीं लगाए जाएंगे। इसके बाद निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सोमवार को खुद सड़क पर उतरे उन्होंने निगम अमले को सभी लगे पोस्टर बैनर को निकालकर जब्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद निगम अमले ने इसे हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय सोमवार सुबह निगम क्षेत्र का भ्रमण करने पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि सुपेला घड़ी चौक से लेकर गदा चौक तक डिवाइडरों में लगे पोल में राजनितिक व सामाजिक लोगों के साथ कंपनी और धार्मिक बैनर/पोस्टर लगे हुए हैं। जिसके कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। आयुक्त ने सभी बैनर/पोस्टर को तुरंत हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से सभी जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं प्राइवेट एजेंसियों से अपील है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टर का उपयोग बिलकुल न करें। इस तरह के प्रचार-प्रसार से शहर की खुबसुरती में कमी आती है। महापौर परिषद की बैठक में भी निर्णय लिया गया है, कि जन्मदिन या कोई भी विशेष समारोह में होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टर का उपयोग नहीं करेंगें। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान इस कार्यवाही को अभियान के रूप में चलाने निर्देशित किया गया है। इस तरह के कार्यों में संलग्न एजेंसियों के खिलाफ नगर निगम की ओर से कारवाई की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने जोन क्रमांक-1 अंतर्गत पाइप लाईन, पार्किंग स्थल, निर्माणाधीन नाला सहित गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने फरीद नगर निजामी चौक का निरीक्षण कर विभाजित डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन को सही कराने निर्देश दिया। समीपस्थ कबाड़ का सामान सड़क पर रखने वालो पर कार्यवाही करने निर्देशित किया। फरीद नगर और लक्ष्मी नगर में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था के लिए नई पाइप लाईन बिछाई गई है। उसका भी निरीक्षण आयुक्त ने किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, उप अभियंता बसंत देवांगन, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

### लक्ष्मी नगर रोड किनारे बन रहा पार्किंग स्थल

लक्ष्मी नगर में रोड किनारे पार्किंग स्थल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया और वहां से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। नेशनल हाईवे से लगे चंद्रा मोर्या टाकिज चौक से संजय नगर तालाब तक निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण किया गया है। कार्य की समयावधि एवं गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने हेतु उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किया गया।

### कोसानगर गौठान पहुंचे आयुक्त राजीव

आयुक्त ने कोसा नगर स्थित गौठान में पशुओ के खाने-पीने एवं चिकित्सा व्यवस्था को भी देखा। गौठान के समतलीकरण के लिए उन्होंने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को निर्देशित किया। आयुक्त ने गौठान की व्यवस्था को लेकर जानकारी भी ली।

**रिसाली निगम की कार्रवाई**

# रुआबांधा मार्केट में रातों-रात कर डाला अवैध निर्माण, हटाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

रिसाली नगर निगम अंतर्गत रुआबांधा सब्जी मार्केट के पास कुछ लोगों ने अतिक्रमण करने के लिए रातों-रात निर्माण कर डाला। जब सुबर रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा वहां भ्रमण पर पहुंची तो दीवार खड़ी देखकर चौंक गईं उन्होंने तोड़ू दस्ते को वहां भेजा और अतिक्रमण को हटवाया।

तोड़-फोड़ विभाग के प्रभारी अधिकारी दुर्गेश गुप्ता नें ईंट से खड़ी की गई दीवार को ढहाया। साथ ही नागरिकों और फुटकर व्यापारी को आगाह किया है कि बिना अनुमति निर्माण न किया जाए। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त मोनिका वर्मा रोज की तरह सोमवार की सुबह वार्ड भ्रमण के तहत रुआबांधा सब्जी मार्केट पहुंची थीं। यहां पर नौ रात्र के तैयारियां हो रही थीं। पांडाल के सामने कुछ मजदूर ईंट से जुड़ाई का कार्य कर रहे थे। निगम अमला को देखते ही मजदूर काम बंद कर इधर उधर हो गए। पता करने पर जानकारी मिली कि कुछ लोग खाली जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। आयुक्त ने मुख्य बाजार और सड़क किनारे दुकान चलाने वाले व्यापारियों को आगाह किया है कि वें समानों को दुकान के सामने सड़क की जमीन पर न रखें। चेतावनी के बाद भी समान रखे पाए जाने पर उसे जब्त किया जाएगा। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि खाली जमीन देखकर उस पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ निगम सख्ती से कार्यवाही करेगा।

■ दीवार खड़ा देख कार्रवाई के दिए निर्देश

# सुपेला के अवैध सामाजिक भवन को किया जाएगा जमींदोज, निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

**आयुक्त ने निरीक्षण कर दिए निर्देश**



नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, आकाश गंगा सुपेला सब्जी मण्डी हेतु स्थल चयन, स्लाटर हाउस एवं सुपेला थाना के पीछे अवैध सामाजिक भवन का निरीक्षण वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है।

विधायक, महापौर एवं आयुक्त द्वारा जोन 01 अंतर्गत नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण कर मैदान में बरसात के पानी के निकासी की व्यवस्था बनाने एवं उखड़े हुए पेवर ब्लाक को बदलने निर्देशित किया गया है। आकाश गंगा सुपेला सब्जी मण्डी का स्थल छोटा होने के कारण आने-जाने वाले राहगिरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मण्डी को हटा कर अन्य स्थल पर स्थानांतरित किया जाएगा। जिसके लिए स्थल चयन किया जा रहा है, स्थल मिलते ही मण्डी को शिफ्ट किया जाएगा। नेहरू नगर स्थित स्लाटर हाउस संचालन हेतु निविदा जारी किया गया है। उक्त स्लाटर हाउस का अवलोकन कर आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को नियम-शर्तो के तहत प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शीध्र प्रारंभ करने निर्देशित किया गया है। सुपेला थाना के पीछे एस.एल.आर.एम. सेंटर के समीप कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से सामाजिक भवन का निर्माण कर संचालित किया जा रहा है। भवन को तोड़ने जोन के सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, जावेद अली, बसंत देवांगन, अजय शुक्ला, अंकित सक्सेना उपस्थित रहे।

# बिजली टावर लाइन से प्रभावित किसान मिले संभाग आयुक्त से

**उतई।** 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना से प्रभावित किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को सम्भाग आयुक्त दुर्ग से मिला। किसानों ने शासनादेशानुसार 200% एवं 30% मुआवज़ा अब तक नहीं मिलने पर अपनी गहरी नाराज़गी व्यक्त की और तत्काल हस्तक्षेप की मांग रखी। किसानों ने बताया कि ग्राम नगपुरा के किसानों को एसडीएम कार्यालय द्वारा मुआवज़ा पत्रक जारी किया गया था, जिसमें 200% व 30% की दर से डाटा जनरेट कर नामों की जाँच एवं सुधार हेतु उपलब्ध कराया गया। इसके बावजूद वास्तविक भुगतान आज तक नहीं किया गया है।

इस अवसर पर सम्भाग आयुक्त महोदय ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा तथा संबंधित विभागों से रिपोर्ट लेकर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। किसानों की प्रमुख मांगों में शासनादेशानुसार टावर बेस हेतु 200% तथा राइट ऑफ वे भूमि पर 30% मुआवज़ा तत्काल प्रदान करने, प्रभावित किसानों की समस्या के निराकरण हेतु एक विशेष बैठक रखने, बैठक में विद्युत विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य किए जाने जैसी मांग की गई। मुआवज़ा भुगतान हेतु स्पष्ट एवं बाध्यकारी समय-सीमा तय करने, जिला कलेक्टर दुर्ग एवं संबंधित अधिकारियों की लापरवाही पर विभागीय करने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में गोपाल देशमुख, छगन देशमुख आदि मौजूद थे।

# दिव्यांग महिला से अनाचार करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** दिव्यांग महिला के साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि महिला शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर है। बोलचाल में भी ठीक नहीं है। इसका फायदा उठाकर आरोपी आरोपी प्रांशु बोरकर महिला को फंसाकर माह भर से अनाचार करते रहा। दिव्यांग महिला को आरोपी अपने घर लेकर गया। जहां चाय-पानी पिलाने के बाद जबरन अनाचार किया। आरोपी ने लगातार दो-तीन दिन महिला से अनाचार करता रहा। परिजनों ने पुलिस को बताया कि महिला घर से ज्यादा बाहर नहीं निकलती है। जब 15 दिन पहले वो पड़ोस में ही टहल रही थी। तभी आरोपी ने बातचीत किया और उसे अपने घर लेकर गया। जहां नाश्ता और चाय पानी देने के बाद उसके साथ अनाचार किया। आरोपी बार-बार महिला के साथ अनाचार करता रहा। शरीर में तकलीफ होने के बाद दिव्यांक महिला ने घटना के करीब 15 दिन बाद इशारों और टूटी-फूटी भाषा में अपनी मां को कहानी बताई। इसके बाद परिजनों ने महिला को थाने ले जाकर पुलिस में शिकायत कराया। महिला के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ अनाचार, धमकी देने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी केशव कोसले के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा दिव्यांक महिला के साथ ऐसी हरकत किए जाने से लोगों में आक्रोश है।

## बीएसपी में रणनीति 2025: डायरेक्टर कप बिजनेस सिमुलेशन स्पर्धा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में रण-नीति 2025 इंटर-प्लांट मैनेजमेंट सिमुलेशन प्रतियोगिता की घोषणा की गई है। यह प्रतियोगिता डायरेक्टर (पर्सनल) कप के लिए आयोजित की जाएगी। दो चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता का प्रथम चरण संयंत्र/इकाई स्तर पर होगा, जिसमें विजेता दो टीमें द्वितीय चरण यानी राष्ट्रीय स्तर की फाइनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल प्रतियोगिता प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के सहयोग से आयोजित होगी।भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रथम चरण की प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 8 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे, एचआरडीसी सभागार में में किया जाएगा। प्रत्येक संयंत्र/इकाई से चयनित विजेता टीमें एमटीआई, रांची में आयोजित होने वाले सेल-स्तरीय फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।प्रतियोगिता में सभी अधिकारी तीन सदस्यीय टीमों के रूप में भाग ले सकते हैं। सिमुलेशन एक्सरसाइज में वित्त, विपणन, संचालन, मानव संसाधन तथा निर्णय की क्षमता एवं दक्षता जैसे व्यवसाय प्रबंधन के सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। विजेता टीम को डायरेक्टर (पर्सनल) कप, ट्रॉफी तथा रू.20 हजार प्रति सदस्य का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अधिकारी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में 4 अक्टूबर तक सुष्मिता पाटला, डीएम को मेल कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उनसे कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस का आयोजन

# सेवानिवृत शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक बनेः शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई




छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस भिलाई नगर इकाई द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय शंकर नगर छावनी के सभागार में आयोजित वर्ष 2025 सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता गिरजा बंछोर वार्ड पार्षद ने की। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद तुलसी पटेल, शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय पदाधिकारी सुनील यादव, अतुल कामले, केके आडिल, टीएस सिन्हा विशेष रूप से मौजूद थे।

भिलाई नगर अध्यक्ष होलसाय वर्मा ने स्वागत भाषण में बताया कि शिक्षक कांग्रेस भिलाई नगर इकाई द्वारा वर्ष 2014 से सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान समारोह को आयोजित करने कि परम्परा चली आ रही है। शुक्ला ने कहा कि शिक्षक कर्मयोगी होता है। अतः सेवानिवृत होने पर शासकीय दायित्व से मुक्त हो जाता है, किंतु वह समाज के पथ प्रदर्शक की भूमिका का निर्वहन करे। शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए आवश्यक है कि शासन को शिक्षा का नियामक एवं नियंत्रक एक शिक्षक को बनाना चाहिए। सम्मान समारोह में सेवा निवृत शिक्षकों का सम्मान शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। सम्मानित शिक्षकों में सुरेश कुमार प्राचार्य से जस बालाजी नगर, रुक्मणि वर्मा व्याख्याता स्टेशन मरोदा, रोहित चंद्राकर सेजस न्यू खुर्सीपार, प्रकाश चंद्राकर शिक्षक कुरूद, मोहन राम साहू शिक्षक कैंप 2 भिलाई, होल साय वर्मा प्रधान पाठक शंकर नगर एवं हेमंत वरदानिक प्रधानपाठक जामुल शामिल थे।





# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



02



शैक्षिक संगोष्ठी में विचार किये साझा, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मानित


**लाइव इवेंट**

## कलाकारों की सृजनशीलता ने दीवारों पर पेन्टिंग की परिभाषा ही बदल दी



**भिलाई।** ललित कला अकादमी समूह छत्तीसगढ़ द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में चित्रकारी करने आए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का सिविक सेंटर में नागरिक अभिनंदन किया गया।

■ बीएसपी में पेंटिंग कलाकारों का नागरिक अभिनंदन

प्रसिद्ध चित्रकार हुकुम लाल वर्मा (पटेवा), ध्रुव तिवारी (रायपुर), जितेन साहू (रायपुर), अनंत साहू (खैरागढ़), गिरजा निर्मलकर (महासमुंद), किशोर साहू (नई दिल्ली), विवेक सोलंकी (रायपुर) के अलावा भिलाई के मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएसविद्यार्थी, हरिसेन, बीएलसोनी, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, गुंजन शर्मा, अभिषेक सपन एवं मूर्तिकार अंकुश देवांगन शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार मेनका वर्मा तथा विजय शर्मा ने किया। प्रवीण कालमेघ ने बताया कि देश के इन शीर्षस्थ कलाकारों की सृजनशीलता ने दीवारों पर पेन्टिंग की परिभाषा ही बदल दी है।



**सिटी इवेंट**

## होनहारों की पढ़ाई में नहीं आएगी बाधा जकात ने दी 10 लाख की स्कॉलरशिप



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन का 11वां सालाना स्कॉलरशिप वजीफा प्रोग्राम जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से कॉलेज स्तर तक मेरिट में आने वाले 128 स्टूडेंट को कुल 10 लाख की राशि की स्कॉलरशिप प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उन छात्रों का भी सम्मान किया गया जो अलग-अलग क्लास में मेरिट लिस्ट में आए थे। आयोजन में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौड़, विशिष्ट अतिथि जिल्लुर रहमान सेवानिवृत्त जीएम सीएसपीटीसीएल, रिजवान खान एजीएम बीएसपी, भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी ने सभी स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाया और कहा कि खूब मेहनत करे और अपने समाज और देश का नाम रोशन करें। इस दौरान छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन की तरफ से संस्थापक सदस्य ताहिर और अकील ने बताया कि पिछले 11 सालो में लगभग 9 हजार छात्रों की उच्च शिक्षा में उनका संस्थान सहायक बना है। अंत में फाउंडेशन के भिलाई चैप्टर के प्रतिनिधि मोहम्मद इमरान खान ने आभार जताया। आयोजन में जकात फाउंडेशन से फजल फारूकी, शब्बीर मीर, रिजवान, रियाज और डॉ. शबाना सहित पालक व स्टूडेंट मौजूद थे।

■ सेक्टर-6 में आयोजित कार्यक्रम में मेरिट में आने वाले स्टूडेंट का किया सम्मान



## अखिल भारतीय आंतरिक सत्संग का आयोजन 26 से 28 तक भिलाई में



**भिलाई।** रामाश्रम सत्संग मथुरा उपकेंद्र से भिलाई नगर के तत्वावधान में अखिल भारतीय आंतरिक सत्संग समारोह का आयोजन 26 से 28 सितंबर तक अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई नगर में आयोजित किया जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रांतो के जिज्ञासु साधक सम्मिलित होंगे। आयोजन समिति के संयोजक कुंज बिहारी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में शिरकत करने लोग बाहार से भी पहुचंगे। जिसके लिए आवास व्यवस्था और भोजन व्यवस्था क्षेत्रीय लोगो द्वारा की जायेगी। आवास व्यवस्था के लिए अग्रसेन भवन, मोहनलाल बाकलीवाल स्मृति भवन, जैन भवन और गीता भवन सेक्टर 6 भिलाई नगर में तैयार किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर प्रचार और व्यवस्था कार्य जोरों पर है।

● सेक्टर-8 स्थित भिलाई नायर समाजम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# आतंक के खिलाफ विशेष बच्चों की प्रस्तुति, देशभक्ति नारों से भरा जोश, अभिव्यक्ति की उड़ान में दिखाई प्रतिभा

**भिलाई।** हमें एक नए मन का उजाला,,,, आरंभ है प्रचंड है,,, और गणपति वंदना पर विशेष बच्चों ने कला, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसे सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाट से उत्साहवर्धन करते हुए खूब सराहा। इन विशेष बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर समर्पित प्रस्तुति दी। जिसमें अपने नृत्य कौशल व गीत-संगीत के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ संदेश देते हुए देशभक्ति की अलख जगाया और दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। सामाजिक संस्थान गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन की ओर से विशेष बच्चों के लिए वार्षिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की पहल अभिव्यक्ति की उड़ान का आयोजन सेक्टर-8 स्थित भिलाई नायर समाजम स्कूल के सभागार में किया गया।

### 15 विद्यालयों के बच्चे हुए शामिल

इस दौरान भिलाई सहित रायपुर, राजनांदगांव और धमतरी के 15 विद्यालयों के विशेष बच्चों ने कला, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ तमाम दर्शकों ने भी खूब सराहा और जमकर तारीफ की। इन विशेष बच्चों ने अपनी प्रस्तुति ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित की थी। जिसमें इन बच्चों ने अपने नृत्य कौशल व गीत-संगीत के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ संदेश देते हुए देशभक्ति की अलख जगाई।



### गणेश वंदना से हुई शुरुआत...



इस दौरान मिला हमें एक नए मन का उजाला, आरंभ है प्रचंड है और गणपति वंदना को भी दर्शकों ने पसंद किया। इनमें मुख्य रूप से शासकीय श्रवण बाधित कन्या विद्यालय धमतरी, आस्था स्कूल राजनांदगांव, अभिलाषा स्कूल राजनांदगांव, आकांक्षा स्कूल रायपुर, मुस्कान स्कूल, प्रगति स्कूल, स्नेह संपदा स्कूल, नयनदीप स्कूल, दिव्य ज्योति स्कूल, गुरुकुल स्कूल, सुरधारा, मानवता स्कूल और नवजीवन स्कूल शामिल हुए। बच्चों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों का दिल जीत लिया। वहीं आयोजन में भिलाई स्टील प्लांट के सीजीएम इंचार्ज तापस दासगुप्ता, एफएसएनएल के कार्मिक प्रमुख पंकज त्यागी, बीएसपी के सीजीएम रिफ्रैक्ट्रीज प्रोसेनजीत दास, सीजीएम एसएमएस-3 त्रिभुवन बैठा, बीएसपी के पूर्व कार्यपालक निदेशक बी.एम.के. बाजपेयी, ई.वी. मुरली, बीएनएस के अध्यक्ष मधु पिल्लै और युवा नेता मनीष पांडे सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सेंट थॉमस कॉलेज, बीआईटी दुर्ग और आत्मानंद कॉलेज के उत्साही स्टूडेंट ने भी अपना अहम योगदान दिया। इस अवसर पर जीई फाउंडेशन से सुरेश कुमार, मनीष टावरी,संजय मिश्रा, के. विनोद, नीलकमल सोनी, रावेश गुप्ता, सूर्या श्रेयस , देव नारायण, राहुल चौरसिया, तारिक खान, उमेश पटेल, ज्योति पिल्लै, शुभगा सुरेश, सुरुचि टावरी अनुपमा मेश्राम, विशाखा मंगुड़े, स्वाति बारिक, स्वाति पंडवार, मोनिका सिंह एवं प्रतिभा पटेल उपस्थित थे।





**अतिथियों ने किया उत्साहवर्धन:** इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एफएसएनएल एवं कोनोइके ग्रुप जापान के चेयरमैन तोशिहीरो फुजीवारा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल और डीआईजी क्राइम प्रखर पांडेय ने इन बच्चों की प्रस्तुतियों को खूब सराहा और इनका उत्साहवर्धन किया। सारे अतिथि अंत तक तमाम प्रस्तुतियों को देखते रहे। इसके पहले संस्था की ओर से अनुपमा मेश्राम ने स्वागत भाषण दिया। संयोजक प्रदीप पिल्लई ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रित विशेष प्रदर्शन को अतिथियों ने खूब सराहा।

## बीएमएस से.10 बी क्लब को मिला बेस्ट ट्राफी अवार्ड, किया सेलिब्रेशन

**भिलाई।** भिलाई महिला समाज शाखा सेक्टर 10 बी क्लब में बेस्ट ट्रॉफी मिलने पर कार्यक्रम का आयोजन कर सेलिब्रेट किया। इस दौरान महिलाओं ने डांस, गाने और मस्ती के साथ मनोरंजक गेम भी खेले। सेक्टर 10 बी महिला समाज ने इस साल 4 अगस्त स्थापना दिवस को चैंपियन बनकर बेस्ट ट्रॉफी अपने नाम की थी।

इस खुशी को बड़े हर्षो उल्लास के साथ सेलिब्रेट किया गया। जिसमें नृत्य, गाना, फ्री हाउजी गेम का भी आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने टेस्टी नाश्ते का आनंद भी उठाया। पिछले साल के कार्यकाल को देखते हुए अध्यक्ष नीता पंचभाई, उपाध्यक्ष एकता यादव कोषाध्यक्ष चीकू शर्मा के कार्यकाल को देखते हुए यह ट्रॉफी प्रदान की गई थी। इस समारोह का आयोजन वर्तमान के अध्यक्ष शकुंतला, उपाध्यक्ष गायत्री, कोषाध्यक्ष किरण यादव की देखरेख किया गया था। सेक्टर 10 बी क्लब की ओर से भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष स्मिता गिरी और उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को बेस्ट क्लब के लिए चुने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर क्लब की सदस्याओं ने इस वर्ष भी एकता और संगठित होकर क्लब को नए मुकाम पर ले जाने की बातों पर विचार-विमर्श किया।



## नवरात्रि पर्व पर खुर्सीपार में आयोजन विस अध्यक्ष डॉ. रमन को दिया निमंत्रण



**भिलाई।** नवरात्रि महापर्व के अवसर पर भिलाई खुर्सीपार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को विशेष आमंत्रण दिया गया। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति और दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ डॉ. सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र प्रदान किया। समिति द्वारा हर वर्ष नवरात्रि पर्व को उत्साह और धूमधाम से मनाते हैं। उनके नेतृत्व में खुर्सीपार में प्रदेश का सबसे बड़ा सेवा पंडाल निर्मित होता है, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर दया सिंह ने बताया कि नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है तथा यह आयोजन समाज में एकता, भक्ति और सेवा की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने को कहा है।

**रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के इंडक्शन प्रोग्राम 'विद्यारंभ'**

## अपने शरीर का ध्यान ऐसे रखो, जैसे हमारी माताएं मंदिर का रखती हैं : सौरभ द्विवेदी

**कार्नर न्यूज**



रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के इंडक्शन प्रोग्राम 'विद्यारंभ' में रविवार को वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी बतौर वक्ता पहुंचे। उन्होंने इंडक्शन प्रोग्राम में मौजूद हजार नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया। द्विवेदी ने विद्यार्थियों से कहा, दुनिया को यह कभी तय मत करने देना की तुम कौन हो। यह तुम्हे तय करना है। जीवन में जो करना मन का करना। और अगर मन का करने मिल जाए तो फिर मन लगाकर करना। इससे तुम्हारे पास कोई एक्सक्यूज नहीं होगा। अरे...साहब हमारे पास जूते बढिय़ा नहीं थे, इसलिए हम दौडऩे नहीं गए। इस तरह की छोटे-छोटे बहाने हम सभी रोज करते हैं। कुछ न करने हम हमेशा वजह खोजते हैं। किसी दूसरे पर थोपते रहते हैं। सौरभ ने युवाओं को गलतियों से सीखने और गलती करने वाले का कभी मजाक नहीं उड़ाने की भी सीख दी।



### सबसे पहला प्रेम अपने शरीर से करो: द्विवेदी

कहा, किसी की गलतियों पर न हंसो। जो इंसान खुद पर, अपनी नादानियों पर हंस सके वही मजबूत इंसान माना जाता है। सौरभ ने युवाओं से कहा, आप जिंदगी की उस नांव पर हैं, जहां आपको दुनिया का सबसे ताकतवर वरदान मिले। प्रेम से बड़ा कोई भी वरदान नहीं है जीवन में। सबसे पहला प्रेम अपने शरीर से करो। जैसे हमारी मांए मंदिर का खयाल रखती हैं। उसको संवारों, सजाओ, उसकी मजबूती का खयाल रखो। बाजार को यह मत तय करने दो कि, फलानी कोल्ड्रींक या एनर्जी ड्रिंक को पीने से तुम मजबूत हो जाओगे। सब लफ्फाजी है। अपने इर्द-गिर्द की सब्जियां खाओ, कसरत करो। एक खेल ऐसा चुनो जो तुम्हारे माथे के पसीने को बहाकर तुम्हारी ऐढ़ी तक लेकर जाए। खासकर लड़कियों तुम। सुंदरता के बाजार के तय किए हुए पैमाने एक तरफ, इंस्टाग्राम के सारे फिल्टर्स एक तरफ। जब तुम कशरत करोगी, खेल मैदान में पसीना बहाओगी, तब तुम्हारे अंदर जो बुद्धिमत्ता आएगी। इससे जो खूबसूरती आएगी वह सबसे ज्यादा स्थाई होगी।

### विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

रूंगटा यूनिवर्सिटी का यह इंडक्शन प्रोग्राम 8 दिन चला। इसमें करीब 6 हजार विद्यार्थियों की सहभागिता रही। तीन हजार विद्यार्थी नव-प्रवेशित रहे, जिनको उनके सीनियर छात्रों ने पूरा कैंपस घुमाया। हर एक डिपार्टमेंट से वाकिफ कराया। नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विभिन्न तरह की एक्टिविटी भी कराई गई। इसमें विजेता रहे नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा और कुलपति डॉ. जवाहर सूरी शेट्टी के हाथों पुरस्कृत किया गया। नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी के विभिन्न क्लबों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स भी पहुंचे। कार्यक्रम के आखिरी दिन देश-दुनिया की नामी कंपनियों के एक्सपर्ट भी विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। हेड ऑफ गूगल एजुकेशन इंडिया संजय जैन ने विद्यार्थियों को गूगल द्वारा रूंगटा यूनिवर्सिटी के सिलेबस तैयार करने में दिए गए इनपुट के बारे में बताया। वहीं एमएनसी अदिक के फाउंडर एंड सीईओ अरुण कुमार सिंह भी शामिल हुए। उनके साथ सॉफ्टवेयर कंपनी ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ के को-फाउंडर सोमेश शर्मा की मौजूदगी रही। सभी एक्सपर्ट्स ने विद्यार्थियों को अपनी फील्ड के विषय में बताया। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी प्रो चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन मौजूद रहे।

**सिटी इवेंट**

## प्री नवरात्रि 17 सितंबर से



**भिलाई।** प्री नवरात्रि का आयोजन 17 से 21 सितंबर तक फ्री क्लास का आयोजन स्टील क्लब सेक्टर 8 भिलाई में किया जा रहा है। आयोजक रोजलीना ने बताया कि इसका ग्रैंड फिनाले 24 सितंबर को पृथ्वी पैलेस में होगा। मोर रास गरबा को तहत इसमें हिस्सा लेने के लिए दुर्ग जिले से महिला, युवती और युवक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। प्री नवरात्री की क्लास दोपहर 3.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगा। काले द्वारा गरबा का ट्रेनिंग भी महिलाओं को दिया जा रहा है। गरबा के बारिकी को जानने जज के रुप में आसुतोष, मनीष, डॉ अभीजीत, अकिता वर्मा विशेष रुप से मौजूद होंगी। इसमें शामिल होने के लिए ड्रेस कोड ट्रेडेशनल होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और विशेष अतिथि के रुप में दुर्ग महापौर अलका बाघमार होगी।

**धर्म लाइव**

## जिला स्तरीय तीज मिलन समारोह में सहयोग करने जताया आभार



**भिलाई।** जिला सेन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का सम्मान किया गया। महिला प्रकोष्ठ की तीज महोत्सव कार्यक्रम में मागदर्शन देने के साथ सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। सेन समाज महिला प्रकोष्ठ दुर्ग जिला द्वारा जिला स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद भवन सभागार दुर्ग में किया गया था। सेन समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष किलेश्वरी उमरे ने बताया कि विधायक रिकेश सेन ने तीज महोत्सव के लिए सहयोग प्रदान कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की इस महत्वपूर्ण कदम को मजबूती से सहयोग करते रहने का विश्वास भी दिलाया। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सेन, जिला सेलून संघ अध्यक्ष संतोष सेन, युवा ईकाई के जिला अध्यक्ष आकाश सेन, लक्ष्मीनारायण सेन सामाजिक विधायक प्रतिनिधि, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष रश्मि, लक्ष्मी सेन, जिला सचिव सुरुचि उमरे, गुणेश्वर सेन सचिव दुर्ग शहर और नितिन कुमार उमरे आदि शामिल थे।

**समाज इवेंट**

## उपभोक्ता का लाभ- व्यापारी का गर्व जीएसटी 2.0 अभियान का आज शुभारंभ



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर उपभोक्ताओं व व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को उपभोक्ता का लाभ, व्यापारी का गर्व जीएसटी 2.0 अभियान की शुरुआत कर रहा है। इस अभियान का वर्चुअल शुभारंभ वित्त मंत्री ओपी चौधरी करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन भिलाई चेम्बर कार्यालय से किया जाएगा, जहां भिलाई के उद्योगपति और चेम्बर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य हाल ही में किए गए जीएसटी संशोधन का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। भिलाई चेम्बर इस दिशा में सेतु की भूमिका निभाएगा और प्रत्येक मार्केट में जीएसटी एम्बेसडर नियुक्त करेगा। ये एम्बेसडर व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के बीच उत्पन्न किसी भी प्रकार के संशय का समाधान करेंगे और जीएसटी 2.0 की सही जानकारी आमजन तक पहुँचाएंगे। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि भिलाई चेम्बर पारदर्शिता, सहयोग और जागरूकता के माध्यम से ही उपभोक्ता को लाभ और व्यापारी को गर्व की अनुभूति कराने अभियान चलाते रहते है। जिसके लिए आज वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम शाम 4 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा। ओ पी चौधरी ने भिलाई चेम्बर के प्रयासों की सराहना करते हुए जीएसटी के लाभ को आम जनता की झोली में डालने के प्रयास को भिलाई चेम्बर की क्रियाशीलता का परिचय बताया। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में हुई बैठक में अखराज ओस्तवाल, भूषण अदलखा, ओमप्रकाश शर्मा, सुनील मिश्रा, संतोष गेहानी, दिलीप केसरवानी, राजीव गुप्ता, लाडी और खेतरपाल उपस्थित थे।

**300 खिलाड़ी कर रहे प्रतिभा का प्रदर्शन, आमने-सामने हुई टीमें**

# रानी दुर्गावती और लक्ष्मीबाई के जोश की मिसाल बेटियां, खेलेंगी तो देश बढ़ेगा आगे, 25 से अधिक टीमें रग्बी अस्मिता लीग में ली हिस्सा

हमें अपनी बेटियों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर की कमान भी हमारी देश की बेटियों ने संभाली थी। आज की बेटियां रानी दुर्गावती और झांसी की रानी के जोश की मिसाल हैं। क्योंकि जब बेटियां खेलेंगी तो देश निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए यह उद्गार सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों कहा। सेक्टर-9 ग्राउंड में रग्बी अस्मिता लीग की शुरुआत सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में की गई। लीग का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, खेलो इंडिया एवं छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में 25 से अधिक टीमों में 300 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि का स्वागत रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष साजन सुधाकरन, सचिव जयप्रकाश गोंडा, चंद्रगुप्त चौहान और उपाध्यक्ष विनय पीतांबरन, मारुति नंदन मरकाम, इंद्रजीत सिंह पाल, पी एल वमसी ने किया। इस अवसर पर नगर पार्षद साजन जोसेफ और सीजू एंथोनी भी उपस्थित रहे।





### 25 से अधिक टीमों ने लिया हिस्सा

इस प्रतियोगिता में 25 से अधिक टीमों और 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों की ऊर्जा और उत्साह देखकर खेल मैदान में खुशनुमा वातावरण का निर्माण हुआ। स्वागत भाषण अध्यक्ष साजन सुधाकरन ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन दुर्ग इस खेल को लोकप्रिय बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए हमें भारत सरकार और जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग चाहिए। उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों को पौधा भेंट करके हरित स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य ने किया। उन्होंने कहा कि जुनून होना चाहिए लक्ष्य को पाने के लिए, वरना सपना तो हर कोई देखता है। आज हमारी बेटियां बेटों से ज्यादा हुनर दिखा रही हैं और देश के लिए मेडल ला रही हैं।

### हमें अपनी बेटियों पर गर्व- सांसद

सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें अपनी बेटियों पर गर्व है। मैं यहाँ केवल सांसद के रूप में नहीं, बल्कि खिलाड़ी के नाते भी उपस्थित हूँ क्योंकि कबड्डी मेरा प्रिय खेल रहा है और खिलाड़ियों के जज़्बातों और उनकी जरूरतों को बखूबी समझता हूँ। ऑपरेशन सिंदूर की कमान भी हमारी बेटियों ने संभाली थी। आज की बेटियां रानी दुर्गावती और झांसी की रानी के जोश की मिसाल हैं। मैं विशेष रूप से बेटियों को शुभकामनाएं देता हूँ, क्योंकि जब बेटियां खेलेंगी तो देश निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा।






### रग्बी खेल का महत्व

छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन लगातार इस खेल को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। रग्बी न केवल शारीरिक ताकत और गति का खेल है, बल्कि यह टीमवर्क, अनुशासन, रणनीति और आत्मविश्वास की शिक्षा देता है। इस खेल के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को अवसर मिल रहे हैं। यह खेल नशामुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### रग्बी की बढ़ी लोकप्रियता

रग्बी अस्मिता लीग ने साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विशेष रूप से बेटियों की भागीदारी यह संदेश देती है कि खेल के मैदान में अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यह आयोजन प्रदेश में रग्बी खेल की लोकप्रियता और अस्मिता के सशक्त स्वरूप को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## रसराज महाराज के संगीतमय सुंदरकांड पाठ में लोग भक्ति में हुए सराबोर





**भिलाई।** कैन डू फाउंडेशन के तत्वावधान में सामाजिक समरसता, सनातन धर्म के प्रति जागरूकता, युवाओं को नशे से दूर कर हनुमान भक्ति से जोड़ने और हिंदुत्व की अलख को जगाने के लिए संगीतमय सुंदर कांड पाठ, बजरंग बाण और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन सेक्टर 4 में किया गया। जिसमें सोशल मीडिया में हनुमान जी के भजनों से ख्याति प्राप्त रसराज महाराज ने सुमधुर भजनों की भी मनमोहक प्रस्तुति दी। आयोजक फांउडेशन के अध्यक्ष अतुल पर्वत ने बताया कि रसराज महाराज के भिलाई आगमन पर सेक्टर नौ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में प्रभु के दर्शन कर ब्राह्मणों दवरा विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। यह कार्यक्रम युवाओं को नशे से दूर कर हनुमान भक्ति से जोड़ने और हिंदुत्व की अलख को जगाने के उद्देश्य से किया गया था। अतुल पर्वत के निवास स्थान पर आयोजित सुंदरकांड पाठ के आयोजन में बिग बॉस की चर्चित फेम डॉली बिंद्रा, बालाजी टेलीविज़न में लोकप्रिय अभिनेता अनुराग शर्मा, बिग बॉस वायरल भाभी हेमा शर्मा सहित सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, दुर्ग नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारें, इंदरजीत सिंह, महापौर अलका बाघमार, पुरुषोत्तम देवांगन और काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। अतुल पर्वत ने कहा कि आने वाले समय में भिलाईवासियों के लिए और भी विशाल जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो सामाजिक विकास और कल्याण की नई दिशा स्थापित करेंगे।

**प्रतिभा सम्मान**

## शैक्षिक संगोष्ठी में विचार किये साझा, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मानित




**भिलाई।** विकासखंड दुर्ग ग्रामीण संकुल शैक्षिक समन्वयक मंच द्वारा शैक्षिक संगोष्ठी और शिक्षक सम्मान का आयोजन हायर सेकेंडरी विद्यालय रूआबांधा में आयोजित किया गया।

जिसमें वरिष्ठ संकुल समन्वयक नेमसिंह साहू ने कहा कि यह आयोजन संकुल समन्वयकों द्वारा गुणवत्ता विकास शैक्षिक संवाद के लिए अधिकारियों का मार्ग दर्शन और संकुल में अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान करने के लिए आयोजित किया गया है। संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर ने शिक्षकों को बच्चों में शैक्षिक गुणवत्ता लाने के लिए पूरी तैयारी के साथ शाला में आने की बात कही। प्राथमिक शाला के शिक्षक बहुत कार्य करते है, हमें बच्चों को शिक्षण रुचिकर देना होगा, तभी गुणवत्ता आ पाएगी।

जिला परियोजना समन्वयक सुरेन्द्र पांडेय ने भी गुणवत्ता विकास के लिए शाला बालक और पालक को साथ लेकर चलने पर जोर दिया। दीप्ति गुप्ता प्राचार्य ने भी कहा कि शिक्षक की सही परख उसके पढ़ाए बच्चे करते हैं। जब हम इन बच्चों को सम्मान देंगे, उनकी कमजोरियों को समझ कर उनको दूर करने का प्रयास करेंगे तभी गुणवत्ता आ पाएगी, इसके लिए हमे खुद पहल करनी होगी।

विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर ने संकुल समन्वयक द्वारा शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, इसका सार्थक परिणाम विकासखंड में देखने को मिलेगा। सभी पुरस्कृत शिक्षकों को बधाई देते हुए और अच्छा कार्य करते रहने को कहा गया। जिससे ब्लॉक स्तर पर सम्मान के बाद जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी। प्रज्ञा सिंग ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले की एक अलग पहचान दिलाई है। सम्मान की कड़ी में डॉ प्रज्ञा सिंग का सम्मान के साथ पूरे दुर्ग ग्रामीण में कार्यरत संकुल समन्वयक, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों का भी सम्मान स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम में नेमसिंह साहू, जयंत यादव, धानेश्वर धुर्वे, अरविंद बंजारे, इंद्रेश बंजारे, देवेंद्र तिवारी, ऋषिकांत शुक्ला, सुरेन्द्र स्वर्णकार, सुमन प्रधान, रंजना देशमुख, ऊषा पांडेय सहित सभी समन्वयक उफस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयंत यादव और आभार श्रवण सिन्हा बीआरसीसी दुर्ग द्वारा किया गया।

**रामकथा में पहुंचे वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन**

# राम लला जन्म और नामकरण पर गाये सोहर गीत, झूमे भक्त अहिल्या उद्धार की कथा सुन हुए भाव विभोर, आज राम-सीता विवाह

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आनंद वही है जिसे बताया नहीं जा सकता। आनंद प्राप्त कर लेने वाला व्यक्ति किसी को बताने लायक नहीं रह जाता। आनंद प्रचार करने का विषय नहीं, बल्कि अनुभव कर नाचने का नाम है। जीवन में आनंदित रहने के संदर्भ में यह बातें रामकथा के दौरान राजन महाराज ने सोमवार को कही।

आईटीआई ग्राउंड में राजन महाराज के श्रीमुख से आयोजित श्रीराम कथा महिमा के चौथे दिन कथा में सोहर गीत गाकर कथा की शुरुआत की गई। जीवन आनंद समिति के तत्वावधान में आयोजित रामकथा में विधायक रिकेश सेन, बीजेपी प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, दुर्ग भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, दिलेश्वर उमरे, इंदरजीत सिंह सहित हजारों की संख्या में रामभक्तों ने कथा का रसपान किया।



### सोहर गीत में झूमे भक्त

कथा की शुरुआत एक भोजपुरी सोहर गीत के साथ हुई। जिसमें श्रीराम के जन्म के बाद अयोध्या में किस तरह का हर्ष और उत्सव का माहौल व्याप्त था इसका जीवंत चित्रण किया। अयोध्यावासी खुशी से झूम रहे, रामजी का जन्म सूर्य वंश में हुआ है इसलिए गोस्वामी तुलसीदास के चौपाई का जिक्र करते हुए कहा कि इस उत्सव को देखने के लिए भगवान सूर्य एक महीने तक अपने स्थान पर ही रुके रहे और एक दिन एक मास की हो गई। पशु पक्षियों को दाने बांटे गए। राजा दशरथ ने अयोध्या में इतना दान दिया कि अयोध्या वासियों ने परम संतोष को प्राप्त किया। इस अवसर राजन महाराज ने जीवन में आनंद की सच्ची परिभाषा क्या है इसका वर्णन किया।

### चारों भाइयों के नाम का बताया अर्थ

महाराज ने चारों भाइयों के नामकरण संस्कार का प्रसंग बताते हुए चारों भाइयों के नाम भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के रखने का कारण भी विस्तार से समझाया। गुरु विश्वामित्र के सानिध्य में राम के ताड़का वध प्रसंग, धनुष यज्ञ के मार्ग में जाते हुए माता अहिल्या को अपने चरण से उनका उद्धार कर, उन्हें शिला से नारी का स्वरूप में पुनः जीवन दान देने का प्रसंग विस्तार से बताया।तत्पश्चात पूज्य महाराज ने राम के मिथिला नगर पहुंचने का भक्तिमय प्रसंग सुनाया। अंत में उन्होंने श्रोताओं को सूचित किया कि मंगलवार को वे श्रोता बनकर नहीं, बल्कि प्रभु श्री राम के बराती बनकर आएं। क्योंकि आज प्रभु राम और माता सीता का विवाह प्रसंग सुनाया जायेगा।



धर्म-कर्म

## श्राद्ध में गलती से भी नहीं करने चाहिए ये काम, नाराज हो सकते हैं आपके पूर्वज



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस साल 7 सितंबर से पितृ पक्ष की शुरुआत हुई थी और 21 सितंबर को पितृ पक्ष का समापन होगा। मान्यता है कि श्राद्ध के पवित्र समय कुछ काम नहीं करने चाहिए वरना आपके पूर्वज नाराज हो सकते हैं। पितृ पक्ष के दिन पूर्वजों के सम्मान के लिए समर्पित होते हैं। लोग इन दिनों अपने पूर्वजों के लिए प्रार्थना कर उन्हें प्रसाद अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद लेते हैं।

**नई चीजें नहीं खरीदनी चाहिए :** माना जाता है कि श्राद्ध के दिनों में नई चीजें नहीं खरीदनी चाहिए। नए कपड़े या फिर नए गहने या फिर कोई भी नई चीज को न खरीदने की सलाह दी जाती है। पितृ पक्ष के दिनों में किसी शादी या पार्टी को होस्ट भी नहीं करना चाहिए। इसके अलावा आपको शादी या फिर पार्टी को अटेंड करने भी नहीं जाना चाहिए। कुल मिलाकर इन दिनों आपको अपने पूर्वजों को याद करते हुए घर में शांति का माहौल बनाना चाहिए।

**नॉन वेज खाने से परहेज :** क्या आप नॉन वेजिटेरियन हैं? अगर हां, तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक पितृ पक्ष के दिनों में नॉन वेजिटेरियन फूड आइटम्स का सेवन नहीं करना चाहिए वरना पूर्वज बुरा मान सकते हैं। इतना ही नहीं कुछ लोग तो श्राद्ध के दिनों में लहसुन-प्याज से भी परहेज करते हैं।

**इन चीजों से बनाएं दूरी :** हिन्दू मान्यताओं के मुताबिक श्राद्ध के पवित्र समय में बाल या फिर नाखून काटने से भी बचना चाहिए। इन दिनों आपको अपने घर में किसी भी तरह की नेगेटिव एनर्जी को पैदा होने से रोकना चाहिए। अगर आपके घर में लड़ाई-झगड़े होंगे या फिर नेगेटिव एनर्जी रहेगी, तो आपके पूर्वजों को दुख पहुंचेगा। अगर आप भी धार्मिक मान्यताओं में विश्वास करते हैं तो आपको भी पितृ पक्ष के दौरान इन कामों को नहीं करना चाहिए।

## लंबे व्रत के बाद किन चीजों को खाना अवॉएड करें, नहीं तो बिगड़ जाएगा डाइजेशन



सनातन धर्म का सबसे बड़ा आस्था का त्यौहार नवरात्रि 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाला है। जिसमें लोग पूरे 9 दिनों का व्रत करते हैं। किसी भी व्रत-उपवास को करने के बाद उसके पारण का खास महत्व होता है। अगर आप हेल्दी रहना चाहते हैं तो किसी भी उपवास के पारण के समय खानपान का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। ज्यादा दिनों का व्रत करने से डाइजेशन धीमा हो जाता है और खानपान की लापरवाही से डाइजेशन खराब होने के साथ ही तबियत बिगड़ने का भी डर रहता है। ऐसे में जरूर जान लें कि व्रत के पारण के बाद किन चीजों को नहीं खाना चाहिए।

**तीखा और मिर्च वाला खाना :** व्रत के पारण के बाद कभी भी तीखा और मिर्च वाला खाना नहीं खाना चाहिए। लंबे समय के उपवास के बाद गट लाइनिंग काफी सॉफ्ट हो जाती है। ऐसे में मिर्च का तीखापन इसोफेगस से लेकर गट की लाइनिंग को बर्न कर देता है। जिसकी वजह से कई सारी दिक्कतें पैदा हो जाती है।

**खट्टा फूड :** दही, छाछ, नींबू जैसे खट्टे फूड्स को किसी भी व्रत के पारण के बाद खाने से बचना चाहिए। खट्टे फूड्स में एसिडिक लेवल ज्यादा होता है जो गट लाइनिंग को नुकसान पहुंचाता है। जिसकी वजह से डाइजेशन बिगड़ता है और लंबे टाइम में सीने में जलन की समस्या हो सकती है।

**बेसन जैसे हैवी अनाज के आटे :** ऐसे फूड्स को कब्ज बनाते हैं और डाइजेशन में मुश्किल होते हैं। उन्हें भी व्रत के पारण के बाद नहीं खाना चाहिए। बेसन खाने से पेट में कब्ज की समस्या हो जाती है। और इसका डाइजेशन मुश्किल हो जाता है।

**मिठाई और मीठे फूड :** व्रत के पारण के बाद सॉलिड स्वीट फूड्स को खाने से पूरी तरह परहेज करना चाहिए। अगर आपको मीठा लेना है तो लिक्विड स्वीट्स को पिएं। ये बॉडी को रिलैक्स करेगा। लेकिन हैवी स्वीट सॉलिड कब्ज की समस्या पैदा कर सकते हैं।

**ठंडी चीजों का भी करें परहेज :** व्रत के बाद ठंडे फूड्स और लिक्विड को भी खाने से बचना चाहिए। जैसे कि ठंडे चावल।

**कितने दिन तक जरूरी है सावधानी :** अगर आप नवरात्रि के नौ दिनों तक लगातार व्रत कर रहे हैं तो कम से कम चार से पांच दिनों तक खानपान के इन नियमों की सावधानी जरूरी होती है। जिससे बॉडी और डाइजेशन सिस्टम पूरी तरह से सेट हो सके। एक दिन का व्रत करने वालों को केवल अगले दिन पारण के बाद सावधानी रखनी चाहिए।

नीम में एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल, एंटीफंगल और डिटॉक्सिफाइंग जैसे गुण पाए जाते हैं

# सुबह बासी मुंह नीम की पत्तियां चबाकर खाएं और शरीर की अनेक बीमारियों को भगाएं

नीम की पत्तियों को आयुर्वेद में एक महत्वपूर्ण औषधि माना गया है। नीम की पत्तियां इतनी गुणकारी हैं कि इसके लाभों का उल्लेख न केवल वैदिक ग्रंथों में मिलता है, बल्कि आधुनिक डॉक्टर भी इसके फायदों को स्वीकार करते हैं। शोधों की मानें तो नीम में एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल, एंटीफंगल और डिटॉक्सिफाइंग जैसे गुण पाए जाते हैं। क्या आप जानते हैं कि अगर आप सुबह बासी मुंह नीम की पत्तियां चबाकर खाते हैं तो यह आपके शरीर को भीतर से शुद्ध करता है और अनेक बीमारियों से लड़ने में मददगार साबित होता है, क्योंकि यह खून को शुद्ध करता है, त्वचा रोगों से बचाता है, पाचन को सुधारता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है।



### स्किन के लिए लाभ

क्या आप जानते हैं कि नीम को 'स्किन टॉनिक' भी कहा जाता है, क्योंकि यह खून साफ करने में मदद करता है। अगर आप मुंहासे, फुंसी, एलर्जी, दाग-धब्बे और एक्जिमा जैसी स्किन समस्याओं से राहत पाना चाहते हैं तो रोजाना सुबह खाली पेट नीम की पत्तियों का सेवन करें। नीम के पत्ते चबाने की बजाय नीम के पत्ते का पानी पीने के फायदे भी मिल सकते हैं। इससे आपको अपनी त्वचा में प्राकृतिक निखार नजर आएगा और उम्र बढ़ने के लक्षण कम दिखाई देंगे।

### दांतों के लिए लाभकारी

जिन लोगों को दांतों की समस्या रहती हैं उनके लिए नीम बेहद फायदेमंद साबित होती है। असल में नीम की पत्तियों में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करने में मददगार साबित होते हैं। साथ ही यह पायरिया, मुंह की बदबू और मसूड़ों के दर्द को दूर करने का तरीका भी है। दांतों की सड़न और कैविटी से बचाव करता है। साथ ही मसूड़ों को मजबूत करता है।

### लिवर के लिए लाभकारी

नीम में डिटॉक्स करने के गुण होते हैं, जो लिवर के लिए बेहद लाभकारी है। विशेषज्ञ बताते हैं कि नीम की कड़वाहट लिवर को सक्रिय करती है और विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती है। साथ ही यह फैटी लिवर, लिवर इंफेक्शन और अन्य विकारों में भी उपयोगी साबित होती है।

### इम्यूनिटी को बढ़ाए

कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अक्सर ही नीम की जूस पीकर अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करने का प्रयास करते हैं, क्योंकि नीम की पत्तियां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अत्यंत सहायक होती हैं। यह पत्तियां शरीर में हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस को मारने की शक्ति बढ़ती है। मौसम बदलने पर होने वाली बीमारियों जैसे सर्दी-जुकाम, बुखार आदि से बचाव करती हैं और शरीर की कोशिकाओं को मजबूत बनाती है।



## अपने गार्डन में उगाना चाहते हैं पौष्टिक और गुणवत्ता वाली ब्रोकली तो ऐसे करें देखभाल

ब्रोकली एक पौष्टिक सब्जी है, जो विटामिन-सी और फाइबर से भरपूर होती है। इसे अपने घर के गार्डन में उगाना आसान है, बशर्ते आप कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें। सही मौसम, मिट्टी की गुणवत्ता, पानी और धूप का सही संतुलन, कीटनाशकों का उपयोग और फसल की कटाई के तरीके जानना जरूरी है। इस लेख में हम आपको ब्रोकली उगाने से जुड़ी अहम जानकारी देंगे, जिससे आप भी अपने गार्डन में ताजा और सेहतमंद ब्रोकली उगा सकें।

**सर्दी का मौसम रहता है सबसे सही :** ब्रोकली के लिए सबसे अच्छा मौसम सर्दी का होता है। इसे गर्मियों में उगाने से बचें क्योंकि इससे पौधे जल्दी सूख जाते हैं। सर्दियों में तापमान 10 से 20 डिग्री के बीच सबसे उपयुक्त रहता है। अगर आपके क्षेत्र में सर्दी का मौसम नहीं है तो आप किसी ग्रीनहाउस या छायादार जगह पर ब्रोकली उगा सकते हैं। इससे पौधे को पर्याप्त धूप और नमी मिलेगी, जिससे उसकी वृद्धि बेहतर होगी।



**अच्छी मिट्टी का करें चयन :** ब्रोकली के पौधों के लिए अच्छी मिट्टी जरूरी है। ऐसी मिट्टी जिसमें जैविक खाद मिलाई गई हो और जो अच्छी तरह से सड़ी-गली हो।

इसके अलावा मिट्टी का पीएच स्तर भी 6 से 7 के बीच होना चाहिए। इससे पौधे तेजी से बढ़ते हैं और स्वस्थ रहते हैं। अगर आपकी मिट्टी इतनी अच्छी नहीं है तो आप उसमें वर्मी कंपोस्ट या गोबर की खाद मिला सकते हैं। इससे पौधों को जरूरी पोषक तत्व मिलेंगे।

**नमी रखने पर्याप्त पानी दें :** ब्रोकली के पौधों को पर्याप्त पानी देना बहुत जरूरी है ताकि वे सूखें नहीं और उनकी जड़ें मजबूत हों। हालांकि, ध्यान रखें कि पौधों की जड़ें कीचड़ में न रहें इसलिए उन पर हल्का पानी डालें। दिन में एक बार सुबह या शाम के समय हल्का पानी देने से पौधों को पर्याप्त नमी मिलती है। इससे वे तेजी से बढ़ते हैं और स्वस्थ रहते हैं। इसके अलावा बारिश के बाद भी मिट्टी की नमी पर ध्यान दें।

### धूप का सही संतुलन बनाए रखें

ब्रोकली के पौधों को रोजाना 6-8 घंटे की धूप चाहिए होती है ताकि वे अच्छे से विकसित हो सकें। अगर आपके गार्डन में पर्याप्त धूप नहीं पहुंचती है तो आप पौधों को किसी ऐसी जगह शिफ्ट कर सकते हैं जहां उन्हें पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी मिले। इसके अलावा पौधों को अधिक धूप से बचाने के लिए उन्हें किसी छायादार जगह पर रखें। इससे वे न केवल स्वस्थ रहेंगे बल्कि अच्छी फसल भी देंगे।

### कीटनाशकों का सही उपयोग करें

कीड़े-मकोड़े ब्रोकली जैसी पौष्टिक सब्जियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं इसलिए समय-समय पर इनकी सफाई करना जरूरी है। प्राकृतिक कीटनाशकों जैसे नीम का तेल या साबुन पानी का छिड़काव करें ताकि कीड़े हट जाएं लेकिन पौधे सुरक्षित रहें। इन सरल उपायों का पालन करके आप अपने घर पर आसानी से ब्रोकली उगा सकते हैं और अपनी डाइट में इसे शामिल कर सकते हैं। इससे न केवल आपकी सेहत बेहतर होगी बल्कि आपका गार्डन भी हरा-भरा रहेगा।

## नाश्ता तैयार करने के लिए ज्यादा समय नहीं है, 5 मिनट में बन जाएंगे ये व्यंजन

समय की कमी के कारण सुबह का नाश्ता बनाना सबसे बड़ी चुनौती होती है। नाश्ता दिन का सबसे अहम मील होता है, जिसे खाए बिना घर से निकलना सही नहीं होता। ऐसे में समझ नहीं आता है कि ऐसा क्या बनाया जाए तो झटपट तैयार हो जाए और ऊर्जा भी प्रदान करे। अगर आप भी इसी कश्मकश हैं तो यह लेख आपके लिए है। आइए आपको ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो 5 मिनट में बन जाते हैं।



**प्रोटीन से भरपूर सैंडविच:** सैंडविच सभी का पसंदीदा नाश्ता होता है, जिसे बनाने में ज्यादा मेहनत और समय नहीं लगता। इसके लिए अपनी पसंद की ब्रेड लें और उसके टुकड़ों को दोनों तरफ से सेंक लें। इसके बाद एक ब्रेड पर मक्खन, मेयोनीज, सॉस और चीज लगाएं। प्याज, टमाटर, लेटस और खीरे को गोल-गोल काटकर ब्रेड पर रखें। इसके बाद पनीर को तवे पर मसालों के साथ सेंककर ब्रेड पर रख दें। दूसरी ब्रेड लगाने के बाद आपका सैंडविच तैयार हो जाएगा।

**एवोकाडो टोस्ट :** एवोकाडो टोस्ट बनाने के लिए आपको सबसे पहले पका हुआ एवोकाडो चाहिए होगा। उसे बीच से काटें, बीज को अलग करें और उसके पल्प को कटोरी में निकाल लें। उसे कांटे की मदद से मीसें, ताकि वह मलाईदार हो जाए। उसमें नमक, काली मिर्च, चिली फ्लेक्स, टमाटर, प्याज, नींबू का रस और खीरा मिलाएं। मल्टीग्रेन ब्रेड को दोनों तरफ से सेंक लें और उसपर यह मिश्रण लगाकर खाएं। आप चाहें तो इसपर भुनी हुई पालक भी रख सकते हैं।

**फलों के साथ दही:** नाश्ते में प्रोटीन शामिल करना बहुत जरूरी है, ताकि शरीर को पर्याप्त ऊर्जा मिल सके। खान-पान में इस पोषक तत्व को शामिल करने के लिए आप दही का सेवन कर सकते हैं। एक कटोरे में ग्रीक दही निकालें, जो आपको प्रोबायोटिक्स और प्रोटीन दोनों प्रदान करेगा। अब इसमें आधा चम्मच शहद और अपनी पसंद के फल डालकर खाएं। आप दही के साथ केला, सेब, स्ट्रॉबेरी, संतरा, अनानास, अंगूर और आम जैसे फल खा सकते हैं।

**चॉकलेट और केले का प्रोटीन शेक :** अगर आप नाश्ते में खाने के बजाय कुछ पीना पसंद करते हैं तो चॉकलेट और केले का शेक बना लें। यह प्रोटीन की जरूरत को पूरा करेगा, पेट भरा रखेगा और ताकत भी बढ़ाएगा। इसे बनाने के लिए ब्लेंडर में दूध, केला, चॉकलेट सिरप, अखरोट, बादाम, सब्जा के बीज, पीनट बटर और प्रोटीन पाउडर डालें।

## कपड़ों को नुकसान से बचाना है तो धोते समय बरतें कुछ सावधानियां

कपड़े धोना एक रोजमर्रा का काम लगता है, लेकिन इसमें कई छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं, जो कपड़ों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उदाहरण के लिए अगर आप हमेशा गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं या कपड़ों को अधिक धोने की कोशिश करते हैं तो इससे आपके कपड़े जल्दी खराब हो सकते हैं। आइए आज हम आपको उन गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको कपड़े धोते समय बचना चाहिए ताकि आपके कपड़े लंबे समय तक नए लगे।



**कपड़ों को ज्यादा नहीं निचोड़ें :** कपड़ों को निचोड़ना आसान लग सकता है, लेकिन यह एक बड़ी गलती है। जब आप कपड़ों को जोर-जोर से निचोड़ते हैं तो उनके धागे कमजोर हो जाते हैं और वे जल्दी फट सकते हैं या उनका आकार बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप कपड़ों को धोने के बाद उन्हें हल्के हाथों से फैलाकर सुखाने के लिए रख दें। इससे वे जल्दी सूखेंगे और उनका आकार भी सही रहेगा।

**गर्म पानी का इस्तेमाल न करें :** अधिकतर लोग गंदे कपड़ों को साफ करने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह भी एक गलती है। गर्म पानी से कपड़ों की गंदगी तो निकल जाती है, लेकिन इससे कपड़े जल्दी घिस जाते हैं या उनका रंग उड़ सकता है, खासकर ऊनी और रेशमी कपड़ों पर इसका बुरा असर पड़ता है। इसलिए हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें और केवल बहुत गंदे कपड़ों पर ही हल्के गर्म पानी का इस्तेमाल करें।

**डिटर्जेंट का अधिक इस्तेमाल न करें :** डिटर्जेंट का अधिक इस्तेमाल करना भी एक आम गलती है। लोग सोचते हैं कि जितना ज्यादा डिटर्जेंट डालेंगे उतना अच्छा धोएंगे, लेकिन ऐसा नहीं होता है। अधिक डिटर्जेंट डालने से कपड़ों पर सफेद दाग पड़ सकते हैं और वे कठोर हो जाते हैं। इससे उनकी कोमलता कम होती है और वे जल्द खराब हो सकते हैं। इसलिए हमेशा सही मात्रा में डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें ताकि आपके कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखें।

कार्नर न्यूज

न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक सेहत के लिए भी फायदेमंद

# बहुत ही सरल तरीके हैं रोजाना मेडिटेशन की आदत डालने, होंगे कई फायदे

मेडिटेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जो मन और शरीर को शांत करने में मदद करती है। यह न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक सेहत के लिए भी फायदेमंद है। हालांकि, कई लोग मेडिटेशन करने की आदत नहीं डाल पाते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप रोजाना मेडिटेशन करने की आदत डाल सकते हैं और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकते हैं।



### समय तय करें

मेडिटेशन करने के लिए सबसे पहले एक निश्चित समय तय करें। सुबह का समय सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस समय मन शांत होता है और दिनभर की भागदौड़ से पहले की ताजगी बनी रहती है। अगर सुबह का समय न मिल सके तो किसी भी समय, जब आप आराम से बैठ सकें, मेडिटेशन कर सकते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप रोजाना एक ही समय पर मेडिटेशन करें ताकि यह आपकी आदत बन जाए।

### शांत जगह चुनें

मेडिटेशन करने के लिए एक ऐसी जगह चुनें, जहां शांति हो और कोई व्यवधान न हो। यह जगह आपके घर का कोई कोना हो सकता है या बाहर का कोई पार्क भी हो सकता है। बस ध्यान रखें कि वहां का माहौल शांतिपूर्ण हो ताकि आप पूरी तरह से ध्यान पर केंद्रित कर सकें। इसके अलावा उस जगह पर बैठने के लिए एक आरामदायक चटाई या गद्दे का उपयोग करें ताकि शरीर को कोई तकलीफ न हो।

### आरामदायक मुद्रा अपनाएं

मेडिटेशन करने के लिए आरामदायक मुद्रा अपनाना बहुत जरूरी है। आप पद्मासन, सुखासन या बस सीधे बैठकर भी मेडिटेशन कर सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आपकी पीठ सीधी हो और आप आरामदायक स्थिति में हों ताकि शरीर में कोई तनाव न रहे। सही मुद्रा से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है और मानसिक शांति भी बढ़ती है। अगर जमीन पर बैठना मुश्किल हो तो कुर्सी पर भी मेडिटेशन किया जा सकता है।

### धीरे-धीरे शुरुआत करें

शुरुआत में 5-10 मिनट का मेडिटेशन करना बेहतर होगा, फिर धीरे-धीरे समय बढ़ाएं जैसे कि 15 मिनट, 20 मिनट आदि। इससे आपका शरीर और मन इस आदत के लिए तैयार हो जाएगा और मेडिटेशन करना आसान हो जाएगा। इस तरह आप इन सरल तरीकों को अपनाकर रोजाना मेडिटेशन करने की आदत डाल सकते हैं और अपने जीवन में मानसिक शांति और शारीरिक सेहत दोनों पा सकते हैं।



### सांसों पर ध्यान दें

मेडिटेशन करते समय अपनी सांसों पर ध्यान दें। गहरी सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ें। इससे आपका मन शांत होगा और आप वर्तमान पल में रह पाएंगे। अगर मन कहीं और भटकता है तो उसे धीरे-धीरे वापस अपनी सांसों पर लाएं। यह प्रक्रिया आपके मन को स्थिर करने में मदद करेगी और मेडिटेशन लगाने में सरलता होगी। नियमित रूप से ऐसा करने से ध्यान की गहराई बढ़ेगी और मानसिक शांति भी मिलेगी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वोल्डेमॉर्ट के खूंखार रोल में दिखेंगे किलियन मर्फी



हॉलीवुड अभिनेता और ऑस्कर विजेता किलियन मर्फी पिछले कुल समय में 'ओपेनहाइमर' में अपनी दमदार अदाकारी के लिए सुर्खियों में रहे। इन दिनों मर्फी वॉर्नर ब्रदर्स की आने वाली 'हैरी पॉटर'टीवी सीरीज को लेकर भी जबरदस्त चर्चाएं बटोर रहे हैं। दरअसल पिछले कुछ समय से खबरें आ रही हैं कि मर्फी इस सीरीज में खतरनाक विलेन लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट का किरदार निभाने वाले हैं। लेकिन अब खुद किलियन मर्फी ने इन अफवाहों पर खुलकर बात की है और स्थिति साफ कर दी है। किलियन हाल ही में एक लोकप्रिय पॉडकास्ट शो में शामिल हुए। जब उनसे वोल्डेमॉर्ट के रोल को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वो अपने नाक से बेहद प्यार करते हैं और वोल्डेमॉर्ट के मेकअप में नाक लगभग गायब हो जाती है। साथ ही उन्होंने राल्फ फिएन्स की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके बाद किसी का भी इस किरदार को निभाना आसान नहीं होगा क्योंकि वो सच्चे मायनों में अभिनय के दिग्गज हैं।' गौरतलब है कि 'हैरी पॉटर' फिल्मों में वोल्डेमॉर्ट का किरदार निभाने वाले राल्फ फिएन्स खुद किलियन मर्फी को इस रोल के लिए एक शानदार ऑप्शन मानते थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि किलियन एक बेहतरीन अभिनेता हैं और अगर वो यह भूमिका निभाते हैं तो वे पूरी तरह उनके पक्ष में रहेंगे।

### टॉलीवुड

## पवन कल्याण ने उस्ताद भगत सिंह के लिए पूरी की शूटिंग



साउथ फिल्मों के चर्चित अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' से चर्चा में हैं। इस फिल्म में एक्टर के साथ राशि खन्ना भी नजर आएंगी। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने जानकारी दी कि अभिनेता ने फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। राशि खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वह अभिनेता पवन कल्याण के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि एक्टर सेल्फी लेते दिख रहे हैं, जिसमें राशि खन्ना के अलावा फिल्म से जुड़े अन्य क्रू सदस्य नजर आ रहे हैं। तस्वीर में अभिनेत्री मुस्कुराती दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'उस्ताद भगत सिंग के लिए पवन कल्याण ने अपनी शूटिंग पूरी कर ली है। उनके साथ यह फिल्म साझा करना अद्भुत रहा, एक सच्चा सम्मान और एक ऐसी याद जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।' फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में पवन कल्याण और राशि खन्ना के अलावा श्रीलीला, आशुतोष राणा, गौतमी, नागा महेश, टेम्पर वामसी और केजीएफ फेम अविनाश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स कर रहे हैं। फिल्म में संगीत देवी श्री प्रसाद दे रहे हैं। इसके अलावा अभिनेता 'हरि हर वीर मल्लु' फिल्म में नजर आ चुके हैं, जो एक एतिहासिक एक्शन एडवेंचर फिल्म थी। इस फिल्म की कहानी एक महान डाकू पर आधरित थी। इस फिल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नोरा फतेही और विक्रमजीत विर्क ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

### भोजपुरी

## शो में 'तोहरा राजा जी के दिलवा' गाने पर झूमे पवन सिंह



'राइज एंड फॉल' रियलिटी शो इन दिनों काफी चर्चाओं में बना हुआ है। इस शो के सुर्खियों में रहने की सबसे बड़ी वजह हैं पवन सिंह, जो कंटेस्टेंट के रूप में मौजूद हैं। दर्शक अभिनेता के अंदाज को देखने के लिए बेताब रहते हैं। हाल ही में शो का नया प्रोमो आया है, जिसमें पवन सिंह का डांस काफी वायरल हो रहा है। इसके अलावा 'राइज एंड फॉल' शो के होस्ट अशनीर ग्रोवर, अरबाज पटेल पर भड़कते दिख रहे हैं और उन्हें चेतावनी दे रहे हैं। चलिए देखते हैं प्रोमो। एमएक्स प्लेयर पर 'राइज एंड फॉल' शो का एक नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट के रूप में शामिल पवन सिंह और आकृति नेगी भोजपुरी गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। अभिनेता 'तोहरा राजा जी के दिलवा टूट जाई' गाने पर जबरदस्त ठुमका लगाते दिख रहे हैं। उनके डांस को देख सभी प्रतियोगी झूमते नजर आ रहे हैं। आगे प्रोमो में दिखता है कि शो के होस्ट अशनीर ग्रोवर, अरबाज पटेल पर आगबबूला होते दिख रहे हैं। अशनीर ने कहा, 'तीन प्रकार के खंबे होते हैं, एक बिजली का होता है और कुछ फालतू के होते हैं। आप वही खंबे बने हुए हैं। आपको तीन शब्द बोलना हो, तो क्या बोलेंगे?' इसके जवाब में अरबाज कहते हैं, 'जो उखाड़ना है उखाड़ लो।' फिर अशनीर गुस्से से उन्हें कहते हैं कि जाओ यहां से। बाद में शो होस्ट ने अरबाज से कहा कि अगर वो किसी के साथ फाइट करते हैं, तो अशनीर वीकएंड के बीच में आके उन्हें शो से बाहर निकाल देंगे। 'राइज एंड फॉल' में 16 कंटेस्टेंट शामिल हैं। इसमें अभिनेता अर्जुन बिजलानी, कुबेर सैत, अहाना कुमरा, धनश्री वर्मा, हास्य कलाकार कीकू शारदा, ट्रांस क्रिकेटर अनाया बांगर, व्लॉगर आरुष भोला और अरबाज पटेल और आकृति नेगी समेत भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह भी इसका हिस्सा हैं। 'शार्क टैंक इंडिया' के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर इसे होस्ट कर रहे हैं। यह एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जाता है।

## लाइफ स्टाइल

### लाइट पिंक कलर के लहंगे में छा गईं



"मुंबई में हुए 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान जान्हवी कपूर लाइट पिंक कलर के लहंगे में पहुंचीं। इस पर उन्होंने नेट की फ्लोरल चुन्नी ले रखी थी। बड़े से ईयर रिंग और खुले बालों में जान्हवी काफी खूबसूरत लग रही थीं।

## गोरी त्वचा वाली महिलाएं लगाएं ऐसी रंगों वाली लिपस्टिक, खिला हुआ लगे चेहरा

महिलाएं कई तरह के मेकअप उत्पाद इस्तेमाल करती हैं, जिनमें से लिपस्टिक सबसे अहम होती है। यह उत्पाद होंठों पर रंगों का सपर्श जोड़ देता है, जिससे वह आकर्षक और सुंदर नजर आने लगते हैं। लिपस्टिक का चुनाव हमेशा त्वचा की रंगत और अंडरटोन के हिसाब से करना चाहिए। सही रंग वाली लिपस्टिक चेहरे को निखरा हुआ दिखाएगी और आपकी रंगत को डल नहीं करेगी। मेकअप टिप्स में जानिए गोरी महिलाओं पर किन रंगों वाली लिपस्टिक जंचेगी।

**पीच :** हर महिला के पास एक अच्छे शेड वाली न्यूड लिपस्टिक होनी ही चाहिए, जो रोजाना के इस्तेमाल के लिए आदर्श हो। अगर आप गोरी हैं तो आपके लिए पीच रंग वाली न्यूड लिपस्टिक सबसे बढ़िया रहेगी। इस रंग की लिपस्टिक लगाने से आप जवान नजर आएंगी और चेहरे पर प्राकृतिक निखार आ जाएगा। अगर आप बहुत गोरी हैं तो हल्की पीच रंग वाली लिपस्टिक लगाएं और अगर आपका



अंडरटोन हल्का वार्म है तो कोरल लिपस्टिक इस्तेमाल करें।

**हल्की गुलाबी :** गुलाबी रंग हर महिला को पसंद आता है, जो होंठों को सबसे सुंदर दिखाता है। हालांकि, इस रंग का सही शेड न चुनने पर आपका पूरा लुक खराब हो सकता है। गोरी रंगत वाली महिलाओं को हल्के गुलाबी रंग वाली लिपस्टिक चुननी चाहिए। अगर आपकी वार्म अंडरटोन वाली गोरी त्वचा है तो रोज या ब्लॉसम गुलाबी रंग की लिपस्टिक लगाएं। कूल अंडरटोन वाली गोरी त्वचा होने पर आपको ऐसी गुलाबी लिपस्टिक चुननी चाहिए, जिसमें हल्का बैंगनी या नीला स्पर्श हो।

### वाइन लाल

अगर आप लाल रंग के किसी गहरे शेड वाली लिपस्टिक खरीदना चाह रही हैं तो वाइन लाल सही रहेगा। कूल अंडरटोन वाली यानि नीले स्पर्श वाली वाइन लाल लिपस्टिक रंगत को और निखार देती है। अगर आपकी त्वचा कूल अंडरटोन वाली गोरी है तो बैंगनी या नीले स्पर्श वाली वाइन लाल लिपस्टिक चुनें। वहीं, वार्म टोन वाली गोरी त्वचा होने पर इस लिपस्टिक का वह शेड लगाना चाहिए, जिसमें नारंगी स्पर्श हो।

### भूरी

भूरे रंग की लिपस्टिक हर महिला पर जंचती है, लेकिन उसका शेड आपकी त्वचा के मुताबिक होना चाहिए। कूल अंडरटोन वाली गोरी त्वचा होने पर आपको गुलाबी या बैंगनी स्पर्श वाली भूरी लिपस्टिक लगानी चाहिए। वार्म अंडरटोन वाली गोरी महिलाओं पर सिनेमन जैसे न्यूड भूरे रंग वाली लिपस्टिक अच्छी लगेगी। बहुत गहरी भूरी लिपस्टिक गोरी रंगत वाली त्वचा को डल दिखा सकती है, इसीलिए इसे लगाने से बचें और हल्के शेड चुनें।

## गुजरात की पोशाक चनिया चोली पहनना एक कला, दिखेंगी सुंदर व स्टाइलिश

फैशन



गुजरात की पारंपरिक पोशाक चनिया चोली न केवल सुंदर दिखती है, बल्कि इसे पहनने से आप आत्मविश्वास से भर जाती हैं। इस पोशाक में कई खासियत होती हैं, जो इसे अन्य पारंपरिक कपड़ों से अलग बनाती हैं। सही तरीके से चनिया चोली पहनना एक कला है, जिसे सीखने में थोड़ी मेहनत लगती है।

**रंगों का मेलजोल बनाएं:** रंगों का सही मेलजोल आपके चनिया चोली के लुक को खास बना सकता है। अगर आपकी चोली लाल रंग की है तो उसे नीली या हरी रंग की चनिया के साथ पहनें। इसी तरह आप विपरीत रंगों का भी उपयोग कर सकती हैं, जैसे पीली चोली के साथ काली चनिया। इससे आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा। इसके अलावा आप अलग-अलग रंगों के ब्लाउज भी आजमा सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएंगे।

**ब्लाउज की लंबाई का रखें ध्यान :** ब्लाउज की लंबाई भी आपके पूरे लुक को प्रभावित करती है। अगर आप लंबे ब्लाउज पहनती हैं तो उन्हें थोड़ा छोटा करवाकर अपनी कमर तक लाने की कोशिश करें ताकि वे आपकी चोटी कमर दिखाएं और आपका लुक ज्यादा आकर्षक लगे। इसके अलावा आप अलग-अलग डिजाइन वाले ब्लाउज भी आजमा सकती हैं, जैसे कि वी-नेक, कॉलर वाले या बिना कंधों वाले ब्लाउज आदि। इससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**पल्लू को सही तरीके से सजाएं :** पल्लू को सही तरीके से सजाना भी बहुत जरूरी होता है ताकि आपका पूरा लुक निखर सके। पल्लू को कंधे पर अच्छी तरह से फैला कर रखें ताकि वह आपकी छाती को अच्छी तरह से ढके और देखने में सुंदर लगे। इसके अलावा पल्लू को थोड़ा पीछे की ओर भी ले जा सकती हैं ताकि वह आपकी पीठ को खुला दिखाए। इस तरह से आपका लुक और भी खास लगेगा।

**एक्सेसरीज का चयन सोच-समझकर करें :** एक्सेसरीज का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपके पूरे लुक को संतुलित करें। भारी एक्सेसरीज पहनने से बचें क्योंकि वे आपके कपड़ों के साथ मेल नहीं खाते और देखने में बेकार लग सकती हैं। हल्की एक्सेसरीज जैसे झुमके, चूड़ियां या छोटी-छोटी अंगूठियां आपके लुक को निखार सकती हैं। इसके अलावा आप अलग-अलग डिजाइन वाली एक्सेसरीज भी आजमा सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएंगे।

**फुटवियर्स पर दें ध्यान :** फुटवियर्स पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी होता है जितना कि बाकी चीजों पर ध्यान देते हैं। पारंपरिक जूतियां पहनने से आपका लुक पूरा होता है और देखने में बहुत सुंदर लगता है। इस प्रकार इन सरल सुझावों का पालन करके आप अपनी चनिया चोली को आसानी से स्टाइलिश बना सकती हैं।

## बरसों पुरानी क्यों न हो जाएं पर हर मौके पर महंगी दिखती हैं ये साड़ियां

भारतीय साड़ी न केवल पारंपरिक पहनावे का हिस्सा है, बल्कि यह महिलाओं की सुंदरता और गरिमा को भी बढ़ाती है, खासकर जब बात महंगी दिखने वाली साड़ियों की आती है तो भारतीय बाजार में कई ऐसे विकल्प हैं, जो हर मौके पर आपको खास बना सकते हैं। यहां हम कुछ ऐसी साड़ियों के बारे में बात करेंगे, जो न केवल सुंदर दिखती हैं बल्कि आरामदायक भी होती हैं और आपको हर अवसर पर महंगी और आकर्षक लुक देती हैं।

**बनारसी साड़ी :** बनारसी साड़ी अपनी बेहतरीन कारीगरी और शाही अंदाज के लिए जानी जाती है। यह साड़ी वाराणसी की खासियत है और इसमें की गई जरी की कारीगरी इसे और भी खास बनाती है। बनारसी साड़ी शादी, त्योहारों और विशेष अवसरों पर पहनने के लिए आदर्श हैं। इनकी चमकदार बनावट और सुंदर डिजाइन आपको हर किसी के बीच अलग दिखाती हैं।



### कांजीवरम सिल्क साड़ी

कांजीवरम सिल्क साड़ी दक्षिण भारत की एक खासियत है, जो तमिलनाडु राज्य से आती है। यह साड़ियां अपनी मोटी और चमकदार बनावट के लिए मशहूर हैं। कांजीवरम साड़ियां आमतौर पर सोने-चांदी की जरी के काम से सजी होती हैं, जिससे इनका लुक बेहद आकर्षक लगता है। इनके रंग और डिजाइन भी बहुत ही खास होते हैं, जो इन्हें महंगा और शाही लुक देते हैं।

### चंदेरी साड़ी

चंदेरी साड़ी मध्य प्रदेश की एक प्रसिद्ध चीज है, जो अपनी हल्की और आरामदायक बनावट के लिए जानी जाती है। चंदेरी साड़ियां आमतौर पर बुनाई की बारीकियों के लिए मशहूर होती हैं, जिनमें फूल-पत्तियों जैसे डिजाइन होते हैं। इनका वजन हल्का होता है, जिससे इन्हें पहनना आरामदायक लगता है। चंदेरी साड़ी रोजमर्रा के उपयोग या छोटे-मोटे समारोहों के लिए आदर्श हैं। इनके रंग और पैटर्न भी बहुत ही आकर्षक होते हैं, जो इन्हें खास बनाते हैं।

## लहंगे के साथ पहनें ऐसे साड़ी के ब्लाउज लगेंगी बहुत खूबसूरत, लोग करेंगे तारीफ

लहंगा के साथ साड़ी के ब्लाउज पहनना एक बहुत ही सुंदर और पारंपरिक तरीका है। इससे न केवल आपका लुक खास बनता है, बल्कि यह आपको एक शाही अंदाज भी देता है। सही ब्लाउज चुनना बहुत जरूरी है क्योंकि यह आपके पूरे लुक को निखारता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे साड़ी ब्लाउज डिजाइनों के बारे में बताते हैं, जो लहंगा के साथ बहुत अच्छे लगते हैं और आपको एक अलग ही अंदाज देते हैं।

**शीशे की कारीगरी वाला ब्लाउज :** शीशे की कारीगरी वाला ब्लाउज हमेशा से ही लोकप्रिय रहा है। यह न केवल देखने में अच्छा लगता है, बल्कि इसमें चमक भी होती है, जो आपके लहंगे को और भी खास बनाती है। शीशे की



कारीगरी वाले ब्लाउज को आप किसी भी रंग की साड़ी के साथ पहन सकती हैं।

**चमकीले फूलों के प्रिंट वाला ब्लाउज :** अगर आप अपने लुक में थोड़ा रंगीनता चाहती हैं तो चमकीले फूलों के प्रिंट वाला ब्लाउज एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह न केवल देखने में अच्छा लगता है, बल्कि गर्मियों में ठंडक भी देता है। आप इसे किसी भी हल्के रंग की साड़ी के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक खास लगेगा। इस तरह के ब्लाउज से आपका लहंगा और भी आकर्षक दिखेगा और आपको एक नया और ताजगी भरा अंदाज देगा।

**ऑफ शोल्डर डिजाइन वाला ब्लाउज :** ऑफ शोल्डर डिजाइन वाला ब्लाउज आजकल बहुत चलन में है। यह न केवल आपको एक आधुनिक लुक देता है, बल्कि यह आपके कंधों को भी खूबसूरत बनाता है। आप इसे किसी भी भारी कढ़ाई वाले लहंगे के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी खास लगेगा। इस तरह का ब्लाउज पहनकर आप अपनी पारंपरिक पोशाक में एक नया ट्विस्ट ला सकती हैं और एक शाही अंदाज पा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**मेकअप ट्रायल करवाएं और उन्हें अपनी पसंद-नापसंद भी बताएं**

## शादी के लिए मेकअप आर्टिस्ट बुक करने से पहले जरूर पता कर लें ये अहम चीजें, वरना....

शादी के दिन हर दुल्हन सबसे खूबसूरत दिखना चाहती है। इसके लिए वे सबसे शानदार मेकअप आर्टिस्ट खोजने की कोशिश में जुट जाती हैं। हालांकि, यह कोई आसान काम नहीं होता है। बुक करने से पहले दुल्हन को कई मेकअप आर्टिस्ट से मिलना पड़ता है और उनका काम बारीकी से देखना पड़ता है। आज के शादी के टिप्स में हम आपको बताएंगे कि आपको मेकअप आर्टिस्ट बुक करने से पहले आपको उनके बारे में क्या-क्या पता कर लेना चाहिए।



### उनका काम देखें

मेकअप आर्टिस्ट बुक करने से पहले जो सबसे पहला काम करना चाहिए, वह है उनका काम देखना। आजकल इंटरनेट का जमाना है और हर मेकअप आर्टिस्ट अपना काम सोशल मीडिया पर पोस्ट जरूर करता है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट, यूट्यूब चैनल और वेबसाइट पर जा कर उनके काम की तस्वीरें और वीडियो देखें। इसके बाद वो मेकअप आर्टिस्ट शॉर्टलिस्ट करें, जो आपकी जरूरतों और पसंद के अनुसार मेकअप करते हों। ऐसा करने से सही चयन करने में मदद मिलेगी।

### ट्रायल मेकअप करवाएं

जब आप मेकअप आर्टिस्ट शॉर्टलिस्ट कर लें तो ट्रायल लेना शुरू करें। सभी आर्टिस्ट से बात करके उनकी ट्रायल सेवाओं के बारे में सवाल पूछें। कुछ आर्टिस्ट केवल आधे चेहरे पर मेकअप ट्रायल देते हैं तो कुछ पूरा मेकअप करके दिखाते हैं। उनकी सेवाओं के अनुसार मेकअप ट्रायल करवाएं और उन्हें अपनी पसंद-नापसंद भी बताएं। ऐसा करने से आप सामने से देख पाएंगी कि मेकअप आर्टिस्ट का काम असल में कैसा है।

### उत्पादों के बारे में पूछें

मेकअप ट्रायल करवाने से पहले मेकअप आर्टिस्ट से बात करें और उन्हें अपनी पसंद बता दें। इसके बाद यह जानने की कोशिश करें कि वह कौन-से मेकअप उत्पाद इस्तेमाल करते हैं। अगर वह सस्ते और कम लोकप्रिय ब्रांड के उत्पादों का प्रयोग करते हैं तो उनका चयन करने से बचें। ऐसे उत्पाद त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कुछ देर बाद परतदार हो जाते हैं। ऐसा मेकअप आर्टिस्ट चुनना सही होगा, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद इस्तेमाल करते हों।



### हेयर स्टाइल भी बनवाकर देखें

दुल्हन का लुक केवल मेकअप से पूरा नहीं होता है। उनकी हेयर स्टाइल भी दुल्हन वाला लुक पाने में अहम भूमिका निभाती है। हेयर स्टाइल भी मेकअप आर्टिस्ट ही बना देते हैं, इसीलिए मेकअप ट्रायल के बाद उसकी भी बात जरूर कर लें। अपनी पसंद के बारे में उन्हें बताएं और हेयर स्टाइल बनवाकर भी देख लें। एक अच्छा मेकअप आर्टिस्ट जूड़ा, अलग-अलग प्रकार की चोटियां और सभी तरह के हेयर स्टाइल बनाना जानते हैं।